आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 17 अंक 31 -● जबलपुर ● गुरुवार, 2 मार्च, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 10 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## खाटूश्यामजी के दर्शन कर लौट रहे 4 की मौत

**जयपुर, ईएमएस।** जयपुर-कोटा हाईवे पर खड़े कंटेनर में वैन जा घुसी। वैन में सवार ड्राइवर सहित 4 लोगों की मौत हो गई। सभी खाटूश्याम दरबार से दर्शन कर लौट रहे थे। हादसा गुरुवार सुबह करीब साढ़े चार बजे टोंक जिले के घाड़ इलाके में हुआ। बताया जाता है कि वैन ड्राइवर को झपकी आ गई थी। उधर से गुजर रहे लोगों ने काफी मशक्कत के बाद फंसे लोगों को बाहर निकाला। मृतकों में पति-पत्नी शामिल हैं।

# त्रिपुरा-नागालैंड में भाजपा!

## मेघालय में 8 सीटों का फायदा, टीएमएसी सबसे बड़ी पार्टी



नागालैंड — उत्तरी अंगामी-। — नेफ्यू रियो, सीएम, एनडीपीपी ← उम्मीदवार → सेइविली सचू, कांग्रेस

मेघालय — साउथ तुरा — कोनराड संगमा, सीएम, एनपीपी — ब्रेनिएल्ड मारक, कांग्रेस

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड में विधानसभा चुनावों के लिए आज परिणाम का दिन है। सुबह 8 बजे से मतगणना जारी है। अब तक के परिणाम की बड़ी बात यह है कि भाजपा पूर्वोत्तर में भी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। यहां कांग्रेस ने लेफ्ट के साथ गठबंधन किया है, जिसे मतदाताओं ने खारिज कर दिया है। 2024 के आम चुनावों में इसका असर दिखेगा। तीनों राज्यों में कांग्रेस को सबसे बड़ा नुकसान हुआ है। पूर्वोत्तर के विधानसभा चुनाव में त्रिपुरा की 60, मेघालय की 59 और नागालैंड की 60 सीटों पर रुझान आ गए हैं। इन रुझानों में भाजपा गठबंधन को नगालैंड में 46 सीटें और त्रिपुरा में 35 सीटें



मिलती दिखाई दे रही हैं। मेघालय में NPP 25 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी है। एग्जिट पोल में भी यही अनुमान जाहिर किया गया था।नागालैंड विधानसभा का कार्यकाल 12 मार्च को खत्म होगा। वहीं, मेघालय में 15 मार्च और त्रिपुरा में विधानसभा का कार्यकाल 22 मार्च को पूरा हो रहा है। इधर, वोटिंग के बाद आए एग्जिट पोल्स में त्रिपुरा-नागालैंड में भाजपा गठबंधन को बहुमत का अनुमान लगाया गया है। मेघालय में किसी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने का अनुमान है। यानी यहां हंग असेबंली के आसार बन रहे हैं। फिलहाल त्रिपुरा में बीजेपी, नागालैंड में एनडीपीपी और मेघालय में एनपीपी के नेतृत्व में सरकार है। नॉर्थ ईस्ट में बीजेपी के कद्दावर नेता और असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने तीनों राज्यों में एनडीए सरकार आने का दावा किया है। इसे लेकर बीजेपी ने बाकायदा वहां अपने सहयोगी दलों और पूर्व सहयोगियों से संपर्क भी शुरू कर दिया है। मेघालय में एनपीपी और बीजेपी ने क्षेत्रीय दलों के साथ मिलकर एनडीए सरकार चलाई थी। एनपीपी के कॉनराड संगमा वहां सरकार का चेहरा हैं।

### त्रिपुरा के रुझानों में भाजपा बहुमत की ओर

| पार्टी | आगे | जीते | कुल |
|---|---|---|---|
| भाजपा + | 35 | 00 | 35 |
| CPIM + | 14 | 00 | 14 |
| TMP | 11 | 00 | 11 |
| अन्य | 00 | 00 | 00 |

### मेघालय के रुझानों में NPP सबसे ज्यादा सीटों पर आगे

| पार्टी | आगे | जीते | कुल |
|---|---|---|---|
| BJP + | 08 | 00 | 08 |
| TMC | 09 | 00 | 09 |
| कांग्रेस | 06 | 00 | 06 |
| NPP | 25 | 00 | 25 |
| अन्य | 11 | 00 | 11 |

### नागालैंड में भी भाजपा बहुमत की ओर

| पार्टी | आगे | जीते | कुल |
|---|---|---|---|
| BJP + | 46 | 01 | 46 |
| NPF | 03 | 00 | 03 |
| कांग्रेस | 00 | 00 | 00 |
| अन्य | 10 | 00 | 10 |

**5 राज्यों में उपचुनाव की काउंटिंग**

## अरुणाचल प्रदेश में BJP निर्विरोध जीती, तमिलनाडु के ईरोड में दो राउंड के बाद कांग्रेस को बढ़त

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** नॉर्थ ईस्ट के 3 राज्यों के विधानसभा चुनावों के अलावा आज 5 राज्यों में हुए उपचुनावों की काउंटिंग भी चल रही है। इन 5 राज्यों में पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, झारखंड, अरुणाचल प्रदेश शामिल हैं। वोट काउंटिंग सुबह 8 बजे से शुरू हो चुकी है।अरुणाचल, झारखंड, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में एक-एक सीट पर उपचुनाव हुए थे, जबकि महाराष्ट्र में 2 सीटों पर। ये वोटिंग 27 फरवरी को हुई। वहीं लक्षद्वीप के संसदीय क्षेत्र में भी 27 फरवरी को उपचुनाव हुआ था। महाराष्ट्र में कस्बापेठ सीट से BJP 3000 वोटों से आगे है। वहीं ईरोड में कांग्रेस ने दूसरे राउंड की काउंटिंग खत्म होने के बाद 12 हजार वोट की बढ़त बना ली है। अरुणाचल प्रदेश में लुमला सीट BJP के जम्बे ताशी की मौत के बाद से खाली पड़ी थी। इसके बाद BJP ने यहां तेसरिंग ल्हामू को अपना कैंडिडेट बनाया था। किसी और उम्मीदवार के न होने के कारण BJP इस सीट पर निर्विरोध जीत गई है।

### महाराष्ट्र की 2 सीटों पर हुए उपचुनाव, चिंचवा? में BJP आगे

महाराष्ट्र में चिंचवाड़, कस्बापेठ सीटों पर 26 फरवरी को वोटिंग हुई थी। भाजपा के विधायकों मुक्ता तिलक (कस्बा पेठ) और लक्ष्मण जगताप (चिंचवाड़) के निधन के कारण इन सीटों पर चुनाव जरूरी हो गया था। चिंचवाड़ में अश्विनी जगताप ने पोस्टल बैलट काउंटिंग के बाद बढ़त बना ली है। कस्बापेठ में 7 राउंड के बाद कांग्रेस के रवींद्र धंगेरकर आगे चल रहे हैं।

### तमिलनाडु : AIDMK और DMK की साख दांव पर

एलंगोवन के लीड लेने की खबर के साथ ही समर्थकों ने जश्न मनाना शुरू कर दियाा है। ईरोड सीट में कांग्रेस ने एलंगोवन को मैदान में उतरा था। पहले राउंड की काउंटिंग के बाद एलंगोवन, एस थेनारासु (एआईएडीएमके) से 6,000 वोटों से आगे चल रहे हैं। यहां करीब 77 कैंडिडेट के बीच मुकाबला था।

### झारखंड की रामगढ़ सीट के लिए चल रही है काउंटिंग

रामगढ़ सीट कांग्रेस की ममता देवी पर आपराधिक मामला दर्ज होने के कारण डिस्क्वॉलिफाई होने के बाद से खाली पड़ी थी। कांग्रेस ने ममता देवी के पति बजरंग महतो को टिकट दी है। भाजपा-AJSU ने सुनीता चौधरी को कैंडिडेट बनाया था।यहां 18 उम्मीदवार मैदान में हैं। काउंटिंग 40 टेबल पर 120 लोग कर रहे हैं। यह 11 राउंड में पूरी होगी। पहले राउंड के बाद 5 हजार वोटों से सुनीता चौधरी आगे हैं।

**» न्यूज गैलरी**

### पुलिस जवानों पर मधुमक्खियों ने किया हमला, तीन बुरी तरह जख्मी

■ सागर, यशभारत।

मकरोनिया की बटालियन में तैनात पुलिसकर्मियों पर बुधवार शाम को मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इसमें करीब तीन जवान बुरी तरह से जख्मी हो गए, जिन्हें मकरोनिया के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार शाम करीब 4 बजे बटालियन में तैनात हेड कॉन्टेबल आनंद पाल पीटीएस के नए रिक्रूट्स को परेड कराने के लिए मैदान जा रहे थे, तभी शाम करीब 4 बजे मधुमक्खियों के झुण्ड ने उन पर हमला कर दिया।मधुमक्खियां आनंद पाल के मुंह में चिपक गईं।मधुमक्खियों के हमले में वहां तम्बू में तैनात अन्य जवान भी घायल हुए हैं। मधुमक्खियों के हमले से जवानों को बचाने के लिए वहां पर मौजूद एम्बुलेंस के ड्राइवर बृज किशोर यादव ने एम्बुलेंस के साइलेंसर का धुआं देकर आनंद पाल के मुंह पर से मधुमक्खियों को भगाया।

### केदारनाथ धाम में बदलेगी दर्शन व्यवस्था, अब टोकन के आधार पर मिलेगा प्रवेश

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

यदि आप केदारनाथ धाम जाने की योजना बना रहे हैं तो यह आपके काम की खबर है। दर्शन व्यवस्था में बदलाव होने जा रहा है। इसे अब केदारनाथ धाम आने वाले तीर्थ यात्रियों को टोकन व्यवस्था के आधार पर ही दर्शन कराए जाएंगे। इसके लिए धाम में टोकन काउंटर खोले जाएंगे। क्या है यह टोकन सिस्टमव्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए इस बार पहले दिन से ही टोकन व्यवस्था भी शुरू की जा रही है। टोकन प्राप्त करने के लिए धाम में काउंटर लगाए जाएंगे। कहा कि विशिष्ट राज्य अतिथि और गणमान्य व्यक्तियों को दर्शन कराने के लिए प्रोटोकाल अधिकारी व श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति की ओर से नोडल अधिकारी नामित किए जाएंगे।

### फ्लाइट के इंजन में आग नागपुर में इमरजेंसी लैंडिंग

■ नागपुर, ईएमएस।

बांग्लादेश के चटगांव से मस्कट जा रही सलाम एयर की फ्लाइट की नागपुर में इमरजेंसी लैंडिंग हुई। प्लेन के इंजन से धुआं निकलने के बाद उसे बुधवार रात महाराष्ट्र के नागपुर हवाई अड्डे पर लैंड करवाया गया। इस विमान में करीब 200 यात्री और 7 क्रू मेम्बर सवार थे। सभी यात्री सुरक्षित हैं।

### EC-CEC की नियुक्ति प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट में फैसला आज

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

सुप्रीम कोर्ट चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयोग की नियुक्ति प्रक्रिया जुड़ी याचिका पर आज फैसला सुना सकता है। कॉलेजियम जैसी सिस्टम से ष्टश्वष्ट की नियुक्ति पर जस्टिस केएम जोसेफ की अगुआई वाली 5 जजों की बेंच मामले की सुनवाई कर रही है।इस बेंच में जस्टिस अजय रस्तोगी, जस्टिस अनिरुद्ध बोस, जस्टिस ऋषिकेश रॉय और जस्टिस सीटी रविकुमार भी शामिल है। कोर्ट ने पिछली सुनवाई में इस मुद्दे पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने CEC और EC की नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल उठाया था। कोर्ट ने मामले में केंद्र से जजों की अपॉइंटमेंट की फाइल मांगी थी। अदालत के आदेश के बाद केंद्र सरकार ने चुनाव आयुक्त अरुण गोयल के अपॉइंटमेंट की ओरिजिनल फाइल सुप्रीम कोर्ट को सौंपी।

**LIVEG 20 के फॉरेन मिनिस्टर्स की मीटिंग**

## ग्लोबल वॉर्मिंग के लिए अमीर देश जिम्मेदार खामियाजा गरीब देश भुगत रहे: मोदी

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

G-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक दिल्ली में शुरू हो गई है। इसमें स, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस समेत दुनिया की 20 बड़ी इकोनॉमीज के प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। मीटिंग के इनॉगरल सेशन में पीएम मोदी ने कहा- कई साल की प्रगति के बाद आज हमारे सामने रिस्क है कि कहीं हम सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स में पीछे की तरफ न चले जाएं। प्रधानमंत्री ने कहा- कई विकासशील देश इस समय फूड और एनर्जी सिक्योरिटी के लिए ऐसे कर्ज तले दबे हैं, जिन्हें वे संभाल नहीं पा रहे। अमीर देशों ने जो ग्लोबल वॉर्मिंग की है, उससे सबसे ज्यादा प्रभावित गरीब देश ही हैं। इसी के चलते भारत ने G20 प्रेसिडेंसी के तहत ग्लोबल साउथ की आवाज बनने की कोशिश की है।



### मोदी ने कहा- ग्लोबल गवर्नेंस फेल हुई

हम ऐसे समय में मिल रहे हैं जब दुनिया में गहरे विभाजन हो चुके हैं। पिछले कुछ साल में हमने आर्थिक संकट, जलवायु परिवर्तन, महामारी, आतंकवाद और युद्ध देखे हैं। इससे साफ हो गया है कि ग्लोबल गवर्नेंस फेल हो चुकी है।

### जयशंकर बोले- एकमत न हों, तो भी मिलकर काम करें

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा- G20 देशों पर असाधारण जिम्मेदारी है। हम पहली बार वैश्विक संकट के बीच एक साथ आए थे और आज एक बार फिर कई संकटों का सामना कर रहे हैं, जैसे- कोरोना महामारी, रूस-यूक्रेन जंग, क्लाइमेट चेंज। जरूरी नहीं की इन मुद्दों पर हम एकमत हों लेकिन हमें साथ मिलकर हल निकालना होगा।

### मीटिंग में हो सकती है रूस-यूक्रेन पर चर्चा

करीब पांच महीने बाद रूस और अमेरिका के अलावा चीन के फॉरेन मिनिस्टर्स एक ही प्लेटफॉर्म पर मौजूद हैं। वैसे तो सेशन बुधवार को शुरू हुआ, लेकिन अहम चर्चा आज हो रही है।

## पश्चिम बंगाल में सांस के संक्रमण से सात बच्चों की मौत

### एडिनो वायरस से मौत की आशंका



**कोलकाता, ईएमएस।** पश्चिम बंगाल में पिछले 24 घंटों में सांस के संक्रमण से सात बच्चों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, एडिनोवायरस के कारण मौतों की आशंका जाहिर की जा रही है। बुधवार को भी इस बीमारी से 5 बच्चों की मौत हुई थी। एडिनोवायरस संक्रमण के कारण सांस संबंधी परेशानी होती है। हालांकि डॉक्टरों ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है। संबंधित टेस्ट की रिपोर्ट का इंतजार है। फिलहाल रिपोर्ट से निमोनिया से मौत का पता चला है। डॉक्टरों का कहना है कि 10 साल तक के बच्चों के एडिनोवायरस से संक्रमित होने का खतरा ज्यादा रहता है और उनके बीमारी की गंभीरता भी ज्यादा होती है।

## ड्रोन की फोरेंसिक स्टडी से हिला देश

### BSF के जवानों ने अमृतसर बॉर्डर पर गिराया था, चाइना में भी भर चुका उड़ान



**अमृतसर ,एजेंसी।** बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स की तरफ से पंजाब के अमृतसर बॉर्डर पर गिराए गए एक ड्रोन की स्टडी ने देश को हिला दिया है। दो महीने बाद ड्रोन की फोरेंसिक रिपोर्ट से पता चला है कि भारत-पाकिस्तान सीमा पर गिराया गया ड्रोन पहले चाइना में और फिर पाकिस्तान में भी उड़ान भर चुका था। गौरतलब है कि BSF ने 25 दिसंबर की रात तकरीबन 7.45 बजे अमृतसर सेक्टर के अंतर्गत आते गांव राजाताल में पाकिस्तान की तरफ से आए एक ड्रोन को गिराने में सफलता हासिल की थी। यह एक क्वाडकॉप्टर ड्रोन था। ड्रोन की आवाज सुन BSF के जवानों ने फायरिंग कर दी और ड्रोन वापस जाने से पहले ही गिर गया। BSF ने इस ड्रोन को फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया था।

### 11 जून को चाइना में उड़ा था ड्रोन

ड्रोन की फोरेंसिक रिपोर्ट से पता चला है कि 11 जून, 2022 को इस ड्रोन ने चीन के शंघाई के फेंग जियान जिले में उड़ान भरी थी। बाद में इसने 24 सितंबर से 25 दिसंबर तक यह ड्रोन पाकिस्तान के पंजाब क्षेत्र के खानेवाल से 28 बार उड़ा था।

### पूर्व ष्ठत्र ने शुरू करवाई थी फोरेंसिक जांच

क्चस्स्न के पूर्व डायरेक्टर जनरल पंकज कुमार सिंह ने सरहद पर गिराए जाने वाले हर ड्रोन की फोरेंसिक जांच करवाने के आदेश दिए थे। जिसके बाद से BSF हर गिराए जाने वाले ड्रोन की जांच कर रहा है। जिससे ड्रोन की उड़ान की स्थितियों के बारे में पूरी जानकारी मिलती है।

## ऑस्ट्रेलियाई टीम 197 रन पर ऑलआउट ,जड़ेजा ने चटकाए चार विकेट, अश्विन-यादव को 3-3 सफलताएं



■ इंदौर, ईएमएस।

भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट इंदौर के होलकर स्टेडियम में चल रहा है। आज मुकाबले का दूसरा दिन है और पहले सेशन का खेल जारी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में 197 रन पर ऑलआउट हो गई है। ओपनर उस्मान ख्वाजा ने सबसे ज्यादा 60 रन बनाए। वे करियर का 21वां अर्धशतक बनाकर आउट हुए। उनके अलावा, मार्नस लाबुशेन ने 31 रन और कप्तान स्टीव स्मिथ ने 26 रन बनाए। कैमरून ग्रीन 21 और पीटर हैंड्सकॉम्ब 19 रन ही जोड़ सके।भारत की ओर से रवींद्र जडेजा ने चार विकेट लिए। उमेश यादव और रविचंद्रन अश्विन को तीन-तीन सफलताएं मिलीं।

## छतरपुर में पुलिस ने पहले बजवाया ढोल फिर मकान पर चलाया बुलडोजर



■ छतरपुर, यशभारत।

छतरपुर के सिविल लाइन क्षेत्र में छुई खदान पर पुलिस बल पर हमला करने वाले आरोपित के घर को गुरुवार सुबह पुलिस ने जेसीबी चलाकर ढा दिया। आरोपित अभी भी फरार है। आरोपित के घर पर जेसीबी चलने की घटना को देखने के लिए आसपास के सैकड़ों लोग एकत्रित हो गए थे। वहीं सुरक्षा के लिए पुलिस ने भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया था। जिससे किसी तरह की आपत्ति जनक स्थिति बन बन सके। हालांकि मकान ढहाने की कार्रवाई करने से पहले प्रशासन की टीम ने पूरे मोहल्ले में ढोल बजाया और मकान ढहाए जाने की मुनादी भी कराई।घटनाक्रम के मुताबिक पुलिस व माइनिंग विभाग की टीम सिविल लाइन क्षेत्र की छुई खदान पर अवैध उत्खनन को रोकने गई थी। तभी आदतन अपराधी दीपू जाटव व उसके साथियों ने पुलिस बल पर हमला कर दिया था। हमले में पुलिस कर्मी घायल हुए थे। इसके बाद से आरोपित फरार है। इसके पुलिस व प्रशासन की टीम गुरुवार सुबह भारी संख्या में पुलिस बल लेकर आरोपित के घर को ढहाने के लिए जेसीबी लेकर पहुंच गई। थोड़ी ही देर में पुलिस व प्रशासन ने जेसीबी से मकान को ढहा दिया।

## भीषण गर्मी के आसार , अगले 3 महीने झुलसाएंगे, जल्द चलने लगेगी लू



■ नई दिल्ली, ईएमएस।

जैसे-जैसे होली करीब आ रही है, मौसम में बदलाव साफ महसूस किया जा रहा है। हालांकि सुबह और रात के समय थोड़ी ठंड महसूस हो रही है, लेकिन दिन में गर्मी सताने लगी है।ताजा खबर यह है कि आने वाले दिनों में मौसम के मिजाज को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट घोषित कर दिया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आगामी तीन महीने यानी मार्च, अप्रैल और मई में भीषण गर्मी पड़ेगी। पूर्वी, मध्य और उत्तर-पूर्वी भारत के ज्यादातर इलाकों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। मार्च में लू चलने लगेगी, लेकिन उत्तर पश्चिमी भारत सहित देश के अन्य भागों में अधिकतम तापमान सामान्य से कम ही बने रहने की संभावना है।

### होली से पहले कहीं-कहीं बारिश का अनुमान

इस बीच, होली से पहले कहीं-कहीं बारिश का अनुमान है। मध्य प्रदेश में भोपाल समेत इंदौर व अन्य शहरों में हल्की बारिश का अनुमान है। इससे पहले राजधानी दिल्ली में बुधवार सुबह तेज हवा के साथ हल्की वर्षा भी हुई, लेकिन गर्मी में कोई कमी नहीं आई। अधिकतम तापमान जहां सामान्य से छह डिग्री ज्यादा रहा वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा दर्ज किया गया। दिल्ली का अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से छह डिग्री ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान 17.8 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा रहा। यह इस सीजन का सर्वाधिक है। इससे पहले 2017 में एक मार्च को न्यूनतम तापमान 18 डिग्री दर्ज किया गया था।

### मौसम का मिजाज कर रहा बीमार

तापमान में उतार-चढ़ाव लोगों को बीमार कर रहा है। वायरल का कहर बढ़ रहा है। अस्पताल में लोग पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों की सलाह है कि तापमान के इस उतार-चढ़ाव से बचना जरूरी है।

**कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में राहुल गांधी बोले**

## ऐसी दुनिया को बनते हुए नहीं देख सकते जहां लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं नहीं हो

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को अपने 7 दिन के ब्रिटेन दौरे की शुरुआत कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में स्पीच से की। राहुल ने बिजनेस स्कूल के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हम एक ऐसी दुनिया को बनते हुए नहीं देख सकते, जो लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़ी हुई न हो। इसलिए, इस बारे में हमें नई सोच की जरूरत है। राहुल का संबोधन लर्निंग टू लिसन यानी सुनने की कला पर फोकस था। उन्होंने कहा कि सुनने की कला बहुत पावरफुल होती है। इस दौरान उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के लिए नई सोच का आह्वान किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि दुनिया में लोकतांत्रिक माहौल को बढ़ावा देने के लिए नई सोच जरूरी है, लेकिन उसे थोपा न जाए। अपने भाषण के दौरान राहुल ने भारत जोड़ो यात्रा का भी जिक्र



किया।कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में राहुल ने कहा कि हम ऐसी दुनिया की कल्पना नहीं कर सकते जहां लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं नहीं हों। राहुल ने कैम्ब्रिज के छात्रों को बताया कि यात्रा एक जर्नी है, जिसमें लोग खुद के बजाए दूसरों को सुनते हैं। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के जरिए वह भारत में बेरोजगारी, अन्याय और लगातार बढ़ रही असमानता की ओर ध्यान खींचा। राहुल की 7 सितंबर को शुरू हुई इस यात्रा ने करीब 3570 किमी का सफर तय किया है। कुल 146 दिन के इस सफर में राहुल ने 14 राज्यों की सीमाओं को छुआ है। राहुल के भाषण का दूसरा हिस्सा सेंकेंड वर्ल्ड का जिक्र था, जो मुख्य रूप से सोवियत संघ के 1991 के विघटन के बाद से अमेरिका और चीन के दो अलग-अलग पहलू पर फोकस था। राहुल गांधी ने कहा कि मैन्युफैक्चरिंग से संबंधित नौकरियों को खत्म करने के अलावा अमेरिका ने 11 सितंबर 2001 के आतंकी हमलों के बाद से अमेरिका ने खुद को समेट लिया है। जबकि चीन ने कम्युनिस्ट पार्टी के ईद गिर्द के संगठनों के जरिए हारमोनी को बढ़ावा दिया। उन्होंने भारत और अमेरिका जैसे लोकतांत्रिक देशों में लगातार घट रही मैन्युफैक्चरिंग का जिक्र करते हुए कहा कि इस बदलाव ने व्यापक स्तर पर असमानता और नाराजगी को जन्म दिया है, जिस पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है।

### तीसरा हिस्सा इम्पेरेटिव फॉर ए ग्लोबल कंजरवेशन पर आधारित

राहुल के लेक्चर का आखिरी हिस्सा इम्पेरेटिव फॉर ए ग्लोबल कंजरवेशन विषय से जुड़ा हुआ था। उन्होंने अलग-अलग पहलू को अपनाने के लिए नए तौर तरीकों के लिए आह्वान में अलग-अलग डाइमेंशन को साथ पिरोने की कोशिश की। उन्होंने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के छात्रों को यह भी समझाया कि यात्रा एक तीर्थयात्रा है, जिससे लोग खुद ही जुड़ जाते हैं, ताकि वे दूसरों को सुन सकें।

# फुटपाथ पर कब्जों की भरमार

# वाहनों के बीच जान जोखिम में डाल सड़क पर चल रहे राहगीर



जबलपुर, यशभारत। पैदल चलने के फुटपाथ ढूंढे नहीं मिल रहे हैं। शहर के हर फुटपाथ पर कब्जे की भरमार है। पैदल चलने वाले वाहनों के बीच जान जोखिम में डाल सड़क पर चलने मजबूर है। फुटपाथ से लेकर आधी सड़क तक कब्जा करने से दोनों तरफ की 40-40 फीट की सड़क 20-20 फीट में सिमट गई है। इन 20 फीट की सकरी सड़कों से लोग आवाजाही कर रहे हैं जिससे जाम के हालात भी बन रहे हैं। वहीं नगर निगम प्रशासन फुटपाथ से कब्जे हटाने की बजाए हाथ पर हाथ धरे बैठा है। फुटपाथ का नामोनिशान मिटा दिया गया है। कहीं-कहीं अवैध कब्जों की बाढ़ फुटपाथ से उतर कर अब सड़कों तक आ गई है। सब्जी, फल,चाय-पान के ठेले,टपरे के साथ ही वाहन भी फुटपाथ पर ही खड़े किए जा रहे हैं। दुकानदारों ने भी फुटपाथ तक दुकानें बढ़ा ली है। होटल, दुकानें सज गई है। दोनों तरफ फुटपाथ पर खान-पान की दुकानें लग गई है। रेहड़ी वाले बची हुई कसर पूरी कर रहे हैं। इसी तरह शहर के फुटपाथ अतिक्रमणों ने निगल लिए हैं।

शहर के हर सड़क के फुटपाथ पर कब्जों की भरमार है। अतिक्रमणकारियों ने फुटपाथ निकल लिए हैं। जिसके कारण पैदल चलने वाले जान जोखिम में डालकर वाहनों की आवाजाही के बीच उनसे बचते हुए पैदल चल रहे हैं। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं भी हो रही है। शहर की शायद ही कोई सड़क, फुटपाथ बची हो जहां स्थाई- अस्थाई कब्जे न हो। रामपुर च यातायात व्यवस्था का सुचारू बनाए रखने के लिए शहर में राष्ट्रीय मोटर कांग्रेस की गाइडलाइन का हवाला देते हुए स्मार्ट सिटी ने 18 करोड़ रुपये खर्च कर एसिड रजिस्टेंट ब्रिक्स ईट का उपयोग कर फुटपाथ बनाए हैं। इतनी बड़ी राशि खर्च करने के बाद भी पैदल चलने वालों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। सवाल ये उठता है कि जब पैदल चलने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर फुटपाथ बनाए गए हैं तो उसमें अतिक्रमण क्यों होने दिया जा रहा है। यदि हो गए हैं तो उन्हें हटाया क्यों नहीं जा रहा हैं। लेकिन न तो नगर निगम प्रशासन ध्यान दे रहा न जिला प्रशासन इसकी सुध ले रहा। रामपुर चौराहे से ग्वारीघाट रोड मार्ग पर फुटपाथ पर फल-सब्जी वालों का कब्ता है। वहीं मालवीय चौक,गंजीपुरा क्षेत्र, बड़ा फुहारा क्षेत्र ,निवाड़गंज , गढ़ा फाटक ,मिलौनीगंज , छोटा फुहारा दीन दयाल चौक आदि क्षेत्रों में आधी सड़कों पर खड़े फल,चाट के ठेले , सब्जी वाले बेखौफ दुकान सजाए बैठे रहते हैं। आईटीआई से लेकर दीनदयाल चौक ,कृषि उपज मंडी में तो हालात बेहद खराब हैं।



# परीक्षा में केंद्राध्यक्ष के बच्चे शामिल तो न करें ड्यूटी, अश्वरोही दल तैनात

**जबलपुर,यशभारत।** हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा (नियमित/स्वाध्यायी) वर्ष 2023 आज से प्रारंभ हो गई हैं। 10वीं की परीक्षा जहां बुधवार शुरू हो चुकी हैं वहीं बारहवीं की परीक्षा शुरू गुरूवार से शुरू हुई। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं 1 अप्रैल 2023 तक जबलपुर जिले के परीक्षा केन्द्रो में आयोजित होंगी। इसी बीच माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल समेत व्यावसायिक पाठ्यमक्रम, डीपीएसई एवं शारीरिक प्रशिक्षण की परीक्षा में नियुक्त केंद्राध्यक्षों और सहायक केंद्राध्यक्षों को सचेत किया है कि जिनके बच्चे मंडल की परीक्षा में शामिल हो रहे हैं वे ड्यूटी न करे उनकी जगह रिजर्व सूची में रखे गए केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष की तैनाती की जाए। यह निर्णय परीक्षा में पारदर्शिता के लिहाज से लिया गया है। मंडल के सचिव ने बताया कि केंद्राध्यक्षों का चयन रेंडम पद्धिति से किया गया है इसलिए गोपनीयता कायम रखने के लिए आदेश का पालन करने को कहा गया है।माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा पर निगरानी के लिए जिलास्तर, विकासखंड स्तर एवं संभागीय स्तर पर निरीक्षण दल गठित किए गए हैं। मुख्य रूप से कंट्रोल रूम कलेक्ट्रेट में होगा। इसके अलावा परीक्षा प्रभरी जो कि जिला मुख्यालयों के साथ ही संभागीय जिलों में भी औचक निरीक्षण करके नजर रखेंगे। इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा भी गठित अमले द्वारा परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। रात्रि 10 बजे के बाद साउड बाक्स बजाने पर होगी कार्यवाही परीक्षाओं के दौरान छात्र-छात्राओं को ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित उपयोग से पढाई करने में बाधा उत्पन्न न हो जिसे ध्यान में रखते हुये पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा (भा.पु.से.) द्वारा इस आशय का प्रतिवदेन कलेक्ट्रर जबलपुर सौरभ कुमार सुमन (भा.प्र.से.) को भेजा गया। जिससे सहमत होते हुये कलेक्ट्रर जबलपुर सौरभ कुमार सुमन (भा.प्र.से.) द्वारा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल के तत्वाधान में संचालित परीक्षाओं एवं आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुये धारा 144(1) दण्ड प्रक्रिया संहिता की प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नानुसार प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है, यह आदेश सभी प्रकार के धार्मिक/राजनैतिक, सार्वजनिक/सांसकृतिक आयोजनों हेतु लागू रहेंगे। 1 सम्पूर्ण जिले मे मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 एवं ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 के प्रावधानों के तहत रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक सभी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित एवं अनुमति मिलने पर निर्धारित मापदण्डों/निर्धारित ध्वनि तीव्रता (डेसीबल) के मानक अनुरूप ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किया जायेगा।

**, प्रशासन सख्त,प्रतिबंधात्मक आदेश जारी**

## न्यूज ब्रीफ

### शासकीय योजना, पी.डब्लू.डी., जल विभाग से संबंधित कार्य समय-सीमा में पूर्ण करायें निगमाध्यक्ष

**जबलपुर, यशभारत** । नगर निगम अध्यक्ष कार्यालय में शासकीय योजना, पी.डब्लू.डी., जल विभाग से संबंधित बैठक अध्यक्ष रिकुंज विज की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक के प्रारंभ में नगर निगम अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि सदन की बैठक किन्ही कारणवस नहीं होने से पार्षदों (वार्डो) के कार्य नहीं हो पा रहें हैं। इसी को दृष्टिगत हुये आज योजना, पी.डब्लू.डी. एवं जल से संबंधित बैठक आयोजित हुई जिसमें पार्षद महेश सिंह राजपूत, लवलीन आनंद, माधूरी सोनकर, दामोदर सोनी, अनुराग साहू (राहुल), अतुल जैन (दानी), श्याम कनौजिया, जितेन्द्र कश्यप गोवर्धन, जितेन्द्र कटारे (जीतू), पूजा श्रीराम पटेल, शारदा बाई कुशवाहा, मालती रमेश चौधरी, लक्ष्मी जय चक्रवर्ती, अंशुल राघवेन्द्र यादव, रजनी कैलाश साहू, कविता रैकवार, वर्षा सेन, प्रतिभा भापकर, अंजना अग्रहरि, विमल राय, प्रिया संजय तिवारी, मधूबाला राजपूत, रेणू कोरी, वर्षा बिरहा, अविनाश चमकेल, अनुराग दाहिया, संतोषी ठाकुर, सावित्री शाह, निशांत झारिया, कृष्णादास चौधरी, विवेकराम सोनकर, आदि पार्षद ने अपने-अपने वार्डो की मूलभूत समस्याऐं जैसेपानी की समस्या, बोरिंग कराये जाना, अमृत योजना के तहत् शीघ्र पानी की टंकी का निर्माण कराना, योजनाओं का शीघ्र क्रिन्यावयन एवं पी.डब्लू.डी. से संबंधित विभिन्न कार्यों को कराये जाने हेतु बैठक आयोजित हुई जिसमें उपस्थित अधिकारी अधीक्षण यंत्री अजय शर्मा, कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त अंकिता जैन, सहायक आयुक्त संभव अयाची, तरूणा निपसैया को नगर निगम अध्यक्ष द्वारा उपरोक्त संबंधित लंबित कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया।



### बिजली बिल जमा नहीं करने पर कटी स्कूलों की लाइन

जबलपुर, यशभारत। जबलपुर घेमापुर क्षेत्र के दो सरकारी स्कूलों में बिजली के कनेक्शन काट दिए गए। बिल बकाया होने के कारण बिजली विभाग में कनेक्शन काटने की कार्यवाही की है। संभवत शनिवार को विभाग में लाइन काटने की कार्रवाई की। सोमवार को सुबह जब विद्यार्थी और शिक्षक स्कूल में पहुंचे तो उन्हें लगा बिजली बन गई है। शिक्षकों ने सोचा कि कुछ देर के लिए बिजली तकनीकी समस्या के कारण बंद है इसलिए बिजली विभाग में किसी तरह की शिकायत नहीं की। देर शाम तक बिजली नहीं आई तो अधिकारियों को समझ आया कि उनका कनेक्शन कटा हुआ है। मंगलवार को भी बीपी कनेक्शन नहीं जुड़ा इसके बाद अधिकारियों को फोन किया गया तब जाकर बिजली खंबे में दोपहर को स्कूल का दोबारा बिजली कनेक्शन जोड़ा। प्राइमरी स्कूल के प्रभारी प्राचार्य प्रदीप चटर्जी ने बताया कि रामकृष्ण आश्रम के पीछे संचालित शासकीय प्राइमरी स्कूल और तांत्रिक स्कूल का बिल बकाया होने के कारण बिजली का कनेक्शन काटा गया है। राशन की तरफ से बिजली बिल के लिए स्कूल प्रबंधन को किसी तरह का बजट आवंटित नहीं होता है इसलिए वह समय पर बिल अदा नहीं कर पाते हैं। उन्होंने बताया कि गर्मी के कारण बच्चों को भारी परेशानी हुई और शिक्षण कार्य भी इस वजह से बाधित हुआ।



# जिससे बचती है किसी की जान, करना चाहिए सभी को ऐसा काम : राणा प्रताप सेंगर

## अभिनेता राणा प्रताप सेंगर ने किया रक्तदान



**जबलपुर,यशभारत।** राउडी राठौर, पीपली लाईव, हैप्पी भाग जाएगी, तीन, जीरो, अतरंगी जैसी कई फिल्मों, नाटक व कई विज्ञापनों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले और दास्ता गोई के अभिनेता राणा प्रताप सेंगर का अपनी जन्मस्थली जबलपुर में आगमन हुआ। जिन्होंने जबलपुर आते साथ ही थैलेसीमिया व रक्तदान के क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाओं से जुड़े होने के नाते अपना ए पॉजिटिव ब्लड ग्रुप का दान बंसल ब्लड बैंक में पहुंचकर स्वेच्छा से किया, अब यह ब्लड थैलेसीमिया व अन्य बीमारी से पीड़ित के काम आ सकेगा। अभिनेता राणा प्रताप सेंगर ने बताया कि अभी उनकी मप्र के नर्मदापुरम में द नर्मदा स्टोरी के नाम से एक फिल्म की शूटिंग चल रही है, जिसमें उनकी अहम भूमिका है, जो कि जल्द ही बड़े पर्दों पर नजर आएगी।इस दौरान अभिनेता राणा प्रताप सेंगर ने समाज के हर वर्ग को रक्तदान के क्षेत्र में आगे आते हुए रक्तदान करने की अपील की और कहा कि रक्तदान ही एक ऐसा नेक काम है, जिससे न केवल किसी एक पीड़ित को ब्लड मिलने से उसका मर्ज ठीक होता है, बल्कि संबंधित व्यक्ति की भी विभिन्न प्रकार की जांचे हो जाती है और पीड़ित को नया जीवनदान मिलने से उसके परिजनों के बीच में खुशियां ही खुशियां लौट आती हैं, इसलिए समाज के हर वर्ग को रक्तदान करना चाहिए। वहीं अभिनेता राणा प्रताप सेंगर ने यह भी कहा कि जिस तरह से शादी से पहले कुण्डली व राशि का मिलान होता है, ठीक उसी तरह से इन मिलानों के साथ-साथ शादी के पहले युवक व युवती की थैलेसीमिया की जांच होना चाहिए।



## शशांक गुप्ता गोलू बने युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सह समन्वयक

जबलपुर, यशभारत। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीबी सोशल मीडिया अध्यक्ष मनु जैन ने प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत भूरिया की सहमति से शशांक गुप्ता गोलू को भारतीय युवा कांग्रेस का गुजरात सह प्रभारी नियुक्त किया है उनकी नियुक्ति पर विधायक लखन घनघोरिया मनु दीक्षित अंशु मिश्रा पंकज पांडेय जतिन राज अंकुर गुप्ता भानू चौहान मयंक सोनी अतुल मिश्रा आशीष मिश्रा सागर राय लल्ला तिवारी आदि ने बधाइयां दी। एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

**स्वच्छता में इस बार जबलपुर बनेगा नम्बर 1**

# स्वच्छता अभियान को जनाभियान बनाने नगर निगम की है तैयारी



**जबलपुर, यशभारत।** शहर में संचालित स्वच्छता अभियान के कार्यक्रमों में महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, समस्त पार्षदगणों के साथ-साथ निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े भी लगातार भागीदारी कर स्वच्छता का संदेश समाज में दे रहे हैं। इस वर्ष जबलपुर के स्वच्छता प्रतियोगिता में पहले पायदान पर पहुॅचाने का संकल्प के साथ सभी लोग एक कदम आगे बढ़ाते हुए जमीनी स्तर पर काम भी कर रहे हैं। आज इसी कड़ी में हनुमानताल वार्ड की पार्षद श्रीमती कविता रैकवार की विशेष उपस्थिति में स्वच्छता पाठशाला का आयोजन किया गया, जिसमें बढ़चढ़कर स्कूली बच्चों ने भाग लिया और स्वच्छता के संदेशों को आत्मसात करते हुए स्वच्छता की शपथ ली। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छ भारत अभियान, स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत हनुमानताल वार्ड कि पार्षद श्रीमति कविता रैकवार कि उपस्तिथि में गवर्मेंट लाल स्कूल फूटाताल में स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया गया जिसमे पार्षद श्रीमति कविता रैकवार द्वारा बच्चो को अपने आस-पास की स्वच्छता बनाये रखने हेतु, स्वछतम जबलपुर का सन्देश एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई, व बच्चो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जहाँ बच्चो को कचरे को अलग-अलग करना क्यों आवश्यक है, तथा कचरे से खाद बना कर घरेलू उपयोग में कैसे इस्तेमाल किया जा सकता है जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन कर रहे आदित्य कंस्ट्रक्शन के गणेश राव द्वारा बच्चो को सिंगल यूजप्लास्टिक का उपयोग ना कर आप पर्यावरण व खुद के स्वास्थ की रक्षा कैसे कर सकते है बताया गया । वही सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी ने घर में ही गीले कचरे से खाद बनाने कि विधि बच्चो को बताई। इस कार्यक्रम में हनुमानताल वार्ड पार्षद श्रीमति कविता रैकवार के साथ सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल वारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक हिटलर अरखेल, तृप्ति चौधरी, स्वास्थ्य निरीक्षक अप्पा राव आदित्य कंस्ट्रक्शन से गणेश राव, उपस्थित रहे।




# अप्रैल में दौड़ेगी जबलपुर से इंदौर वंदे भारत ट्रेन

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर से इंदौर तक वंदे भारत ट्रेन चलाने की तैयारी ने अब रफ्तार पकड़ ली है। जबलपुर रेल मंडल ने ट्रेन को चलाने के लिए सभी तैयारियों को पूरा कर संचालन पर ध्यान देना शुरू कर दिया है। उम्मीद जताई गई है कि अप्रैल में इंदौर से जबलपुर के बीच वंदे भारत ट्रेन को शुरू की जा सकती है। इधर जल्द ही चेन्नई कोच फैक्ट्री से वंदे भारत ट्रेन के रैक जबलपुर आ सकते हैं। जबलपुर रेल मंडल ने इसके लिए वंदे भारत ट्रेन के कोच की सफाई और मेंटेनेंस के लिए जबलपुर स्टेशन से लगे कोचिंग यार्ड में जगह तय कर काम शुरू कर दिया है। यहां पर कोचों को खड़े रखने और उनका मेंटेनेंस रखने के लिए प्लेटफार्म बनाया जा रहा है। इनका मेंटेनेंस करने के लिए जबलपुर रेल मंडल ने विभागीय भर्ती भी निकाली, जिसमें विद्युत अनुभवियों के साथ कोच और ट्रैक के अनुभवियों को रखा जा रहा है। इसके साथ ही रेलवे, रिटायर हो चुके कर्मचारियों को भी रखेगा, ताकि इसके अनुभव से कोच मेंटेनेंस का काम समय और गुणवत्ता से हो सके।

**किसानों में रुचि का अभाव**

# गेहूं को छोड़कर शेष के पंजीयन की नई तिथि



**जबलपुर यशभारत।** रबी उपार्जन के तहत उपज की बिक्री के लिए पंजीयन का काम खत्म होने की ओर है। सरकार ने गेहूं को छोड़कर रबी की शेष फसलों की पंजीयन तारीख पांच मार्च तक बढ़ा दी है। पहले 28 फरवरी पंजीयन की अंतिम तिथि थी। बावजूद इसके पिछले रबी सीजन के मुकाबले पंजीयन का आंकड़ा बहुत पीछे है। इस सीजन में अब तक कुल 42288 किसानों ने ही पंजीयन कराया है। यह आंकड़ा पिछले सीजन के मुकाबले 26 प्रतिशत कम है। इस बीच रबी सीजन के लिए जिले में गेहूं, चना, मसूर और सरसों की बिक्री के लिए पंजीयन चल रहा है। जिले में रबी सीजन के दौरान सर्वाधिक पंजीयन गेहूं का होता है। पिछले रबी सीजन में जिले के 56 हजार 900 से ज्यादा किसानों गेहूं के लिए पंजीयन कराया था। उस वक्त गेहूं का रकबा एक लाख 87 हजार 500 हेक्टेयर रहा, जो इस सीजन में बढ़कर एक लाख 98 हजार 250 हेक्टेयर हो गया। इसी तरह से कुछ अन्य फसलों का भी रकबा बढ़ा है। उपज लेने का रकबा बढ़ने के बावजूद बिक्री के लिए कराए जाने वाले पंजीयनों का आंकड़ा पिछले सीजन के अनुपात में 26 प्रतिशत पीछे है। इससे संकेत मिल रहा है कि किसानों में सरकारी उपार्जन के तौर तरीके और भुगतान का सिस्टम किसानों का भरोसा खोता जा रहा है। डेढ़ महीने पहले समाप्त हो चुके धान उपार्जन का भी अब तक काफी भुगतान बकाया है। किसान भटक रहे हैं और अफसर उनको एक दरवाजे से दूसरे दरवाजे भटका रहे हैं।

### कुछ फसलों की तारीख बढ़ी

सरकार ने चना, मसूर और सरसों के लिए पंजीयन की तारीख पांच मार्च तक बढ़ा दी गई है। हालांकि गेहूं के लिए पंजीयन 28 को ही समाप्त हो रहा है। शासन की ओर से गेहूं को छोड़कर शेष उपजों के पंजीयन की तिथि बढ़ाए जाने से शासन का नजरिया भी साफ हो गया है।

### भंडार खाली रहने की आशंका

मौजूदा हालात और बाजार की स्थिति देखकर लगता है कि संभव है गेहूं के दाम खुले बाजार में समर्थन मूल्य से ऊपर रहें। ऐसा होता है तो सरकारी खरीदी केंद्रों पर गेहूं की आवक कम ही रहेगी। पिछले सीजन में गेहूं का उपार्जन लक्ष्य से करीब एक लाख टन पीछे रह गया था।

# ज्ञानाश्रय कोचिंग क्लास में यूपीएससी एमपीपीएससी की परीक्षाओं की नि:शुल्क तैयारी



**जबलपुर,यशभारत।** युवाओं को संघ लोक सेवा आयोग एवं मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने ज्ञानाश्रय कोचिंग क्लास का बुधवार की सुबह कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने मॉडल स्कूल के सभागार शुभारम्भ किया । जिला प्रशासन द्वारा आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा के सहयोग से प्रारंभ की गई ज्ञानाश्रय कोचिंग क्लास पंडित लज्जाशंकर झा उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मॉडल स्कूल के सभागार में लगेगी । कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन की पहल पर शुरू की गई इस कोचिंग क्लास में युवाओं को यूपीएससी एवं एमपीपीएससी की परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराई जायेगी ।

ज्ञानाश्रय कोचिंग क्लास से जुड़ने करीब पाँच सौ छात्र-छात्राओं ने पंजीयन कराया था । स्क्रीनिंग के बाद इनमें से दो सौ छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है।।

कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने ज्ञानाश्रय कोचिंग क्लास के शुभारम्भ के अवसर पर युवाओं को एमपीपीएससी और यूपीएससी की परीक्षाओं में विषय के चयन से लेकर, परीक्षा की तैयारी करने और इनमें सफलता प्राप्त करने के बारे में महत्वपूर्ण टिप्स भी दिये ।

# श्री अन्न (मिलेट) आज की जरूरत : नरेन्द्र तोमर

## एक एकड़ जमीन में सिर्फ 8 मिनिट में छिड़काव करेगा एग्रीबोट स्प्रे ड्रोन

## मिलेट्स के फूड्स ने मोहा मन, जेएनकेविवि में राष्ट्रीय सम्मेलन


सांसद वीडी शर्मा का स्वागत करतीं डॉ रश्मि शुक्ला


इनकी रही सहभागिता

**जबलपुर यशभारत।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव, जी-20 तहत मिलेट्स के ''उत्पादन, प्रसंस्करण-विपणन समस्याएं एवं समाधान'' विषय पर आधारित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आगाज हुआ।

इस दौरान कृषि विज्ञान मेले का शुभारंभ कमल पटेल, मंत्री किसान कल्याण तथा कृषि विकास एवं वीडी शर्मा, जेएनकेविवि के भूतपूर्व कृषि छात्र एवं सांसद लोकसभा खजुराहो मध्यप्रदेश द्वारा रिबन काटकर किया गया। सम्मेलन में नाबार्ड के चीफ जनरल मैनेजर निरूपम मेहरोत्रा, भारतीय एग्रो इकानोमिक रिसर्च सेंटर के जनरल सेकेटरी, नई दिल्ली प्रमोद चौधरी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। राष्ट्रीय संगोष्ठी में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर वर्चुअली रूप से सम्मेलन में शामिल हुए।


अतिथि सम्मान

### एडवांस स्प्रे ड्रोन की ये है खासियत

- करीब एक एकड़ खेती वाली जमीन में 8 मिनिट में एग्रीबोट स्प्रे ड्रोन से स्प्रे हो जाता है।
- पानी की बचत के साथ मजदूरों को लगाने की कोई समस्या नहीं।
- खेतों में कई बार देखा जाता है कि सांप कई बार किसानों को पानी या कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करते वक्त डसकर अपना शिकार बना लेता है। इस एग्रीबोट ड्रोन के प्रयोग से इस खतरे से बचा जा सकता है।

### मोटे अनाज का उपयोग बढ़ने से ही मिलेगा छोटे किसानों को फायदा

संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के तौर पर केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल वीडियो कांफ्रेंस के जरिए जुड़े। इस अवसर पर संगोष्ठी में केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि श्री अन्न (मिलेट) आज की जरूरत है। आज घर हो या बाहर हमारे पास भोजन तो उपलब्ध है, लेकिन उसमें जरूरत के हिसाब से पोषक तत्व की कमी है। पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में रहे इसके लिए थाली में श्री अन्न होना जरूरी है। भारत की अगुवाई में वर्ष 2023 में पूरी दुनिया मिलेट के रूप में मना रही है। मप्र में कृषि को बढ़ावा देने जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय की भूमिका सराहनीय रही है। प्रदेश के कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार मोटे अनाज को दुनियाभर में बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। पुराने समय में भारतीय थाली में आम जनमानस का भोजन मोटे अनाज सुपर फूड ही थे। मोटे अनाज अत्यधिक पोषक, अम्ल-रहित, ग्लूटेन मुक्त और आहार गुणों से युक्त होते हैं।





## गेहूं-चावल में रासायनिकों का बेजा उपयोग

संगोष्ठी में सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि साठ के दशक में ज्वार बाजरा रागी की रोटी हर थाली में नजर आती थी। गेहूं, चावल कम ही खाया जाता था। वर्तमान समय में गेहूं-चावल का भोजन में प्रचुरता से उपयोग के साथ ही बंपर उत्पादन के मोह में अंधाधुंध रासायनिक खाद और कीटनाशकों का उपयोग भी किया गया। मिलेट्स के क्षेत्र में विश्वविद्यालय द्वारा जनजाति क्षेत्रों में उगाई जाने पुरातन किस्मों में हमारी धरोहर व हमारी पहचान है। इस अवसर पर नाबार्ड के चीफ जनरल मैनेजर निरूपम मेहरोत्रा, भारतीय एग्रो इकानोमिक रिसर्च सेंटर के जनरल सेक्रेटरी प्रमोद चौधरी के साथ जनेकृवि के कुलपति डा. प्रमोद कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## हर व्यक्ति को पोषक तत्वों की जरूरत

अध्यक्षीय उदबोधन में कुलपति डा. पीके मिश्रा ने कहा कि मिलेट्स में मौजूद पोषक तत्वों की वजह से यह आज हर थाली की जरूरत बनता जा रहा है। हमें इसके उत्पादन, प्रसंस्करण, अनुसंधान पर और बेहतर काम करना होगा। संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. अमित शर्मा एवं आभार प्रदर्शन संचालक विस्तार सेवाएं डा. दिनकर शर्मा ने किया। इस मौके पर मिलेट्स के विभिन्न आयामों द्वारा तैयार की गई कृषि साहित्य का विमोचन किया गया। डिण्डोरी जिले की लहरी बाई का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिलों 11 कृषक को भी सम्मानित किया गया।

### मिलेट्स की ब्रांड एंबेसडर बनीं लहरी बाई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभी हाल ही में डिंडौरी जिले के ग्राम सिलपुड़ी गांव में रहने वाली लहरी बाई नामक महिला को मिलेट्स की ब्रांड एंबेसडर की उपाधि देकर सम्मानित किया है। जानकारी के अनुसार लहरी बाई ने बीते 10 सालों से मिट्टी की खोठी में करीब 50 से 60 प्रकार के उत्पाद बनाकर अपने पास संग्रहित किए हैं। जिसमें ज्वार, मक्का, लघुधान सहित अन्य उत्पाद शामिल हैं।

### कोदो-कुटकी से बनी इडली, बिस्किट ने मन मोहा

जेएनकेविवि में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में फूड फेस्टिवल एवं प्रदर्शनी का आयोजन आकर्षण का केंद्र रहा। जिसमें कोदो, कुटकी, सावां, रागी, ज्वार, बाजरा, कंगनी, से बने हुये मूल्य संवर्धित उत्पाद जैसे- मिलेट खीर, खिचड़ी, पास्ता, मफिन, पापड़, डोसा, चीला, इडली, उत्पम, केक, सिवई, बिस्कुट, कुभीरा, मिलेट फ्लेक्स अन्य बेकरी उत्पादों का विक्रय के संबंध में स्टॉल के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। इन सभी व्यंजनों ने कृषि विज्ञान मेले की प्रदर्शनी में चार चांद लगा दिए।

### इन अहम थीमों पर हो रहा मंथन

मिलेट्स की उत्पादकता बढ़ाने के लिए विचार-विमर्श, प्राकृतिक खेती के लिए प्रयास, एक मुख्य निर्यातक उत्पाद बनाना, मूल्य संवर्धन, पैंकिंग, विपणन एवं ब्रांडिंग उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए एन.जी.ओ. और स्टॉटअप को आगे लाना, मिलेट्स की लुप्त प्राय प्रजातियों का संरक्षण एवं भू-मानचित्रण, मिलेट्स को बढ़ावा देने हेतु नीति निर्धारण विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में विशेषज्ञों द्वारा मंथन होगा। और साथ ही ऐसी-ऐसी प्राकृतिक उत्पादों को कृषि विज्ञान मेले में अलग-अलग स्टॉल लगाकर प्रदर्शित किया गया है जिसमें कीटनाशक दवाओं के छिड़काव से लेकर बीज में बढ़ोत्तरी के उत्पादों को सजाया गया है। इसके साथ ही आदिवासी क्षेत्रों से आईं महिलाओं द्वारा बनाए गए मिलेट्स उत्पाद भी स्टॉल पर प्रदर्शनी के रूप में लगाया गया है।

### इन शहरों के लगे स्टॉल

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र सीधी, टीकमगढ़, हरदा, सागर, दमोह, आंचलिक कृषि अनुसंधान केंद्र छिंदवाड़ा, पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण, विंध्याचल प्रोड्यूसर लिमिटेड रीवा, कृषि विज्ञान केंद्र मुरैना, सामुदायिक बेवर बीज बैंक ग्राम सिलपड़ी, तेजस्वनी सरल डेवलपमेंट महिला महासंघ डिंडोरी ने हिस्सा लिया है। इनके अलावा होमसाइंस कॉलेज जबलपुर, जेएनकेविवि कृषि विज्ञान केंद्र ने भी हिस्सा लेकर अपने-अपने स्टॉल लगाए हैं।

### मंडला-डिंडोरी के पोषक उत्पाद का शहरवासी उठा सकेंगे लुत्फ

फेस्टिवल में मंडला एवं डिंडोरी जिले के स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित मिलेट्स उत्पाद एवं पारम्परिक व्यंजनों का भी स्टॉल में प्रदर्शन किया गया जिसे वहां मौजूद लोगों ने देखकर आदिवासी महिलाओं की तारीफ की। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य ये था कि आम नागरिकों को उपयोगी मिलेट्स के उत्पाद की जानकारी मिल सके। जवाहरलाल नेहरूकृषि विवि में खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विशेष रूप से विभिन्न प्रकार के मिलेट्स के व्यंजन एवं उत्पाद तैयार कर लगाई गई प्रदर्शनी शहरवासियों के लिए है। जो कि वहां पहुंचकर इन पोषण युक्त उत्पादों का स्वाद ले सकते हैं। ये प्रदर्शनी बुधवार और गुरूवार दो दिन तक जेएनकेविवि में लगी रहेगी।

### मिलेट्स की लुप्त प्रजातियों का संरक्षण जरूरी : डॉ रश्मि शुक्ला

कृषि विज्ञान केन्द्र की प्रभारी डॉ. रश्मि शुक्ला ने बताया कि जेएनकेविवि में आकर्षण का केंद्र मिलेट्स के फूड फेस्टिवल पर आधारित प्रदर्शनी रही। उन्होंनेकहा कि मिलेट्स की लुप्त प्रजातियों का संरक्षण करना ही आयोजन की मुख्य भूमिका है।

### मेले में एग्रीबोट ने किया आकर्षित

जबलपुर और नरसिंहपुर में गुड़गांव बेस कंपनी आईओटेक कंपनी के डीलर विपुल राज सिंह और चीफ पायलट भक्तराज सिंह ने कृषि विज्ञान मेले में लगे स्टॉल के दौरान यशभारत को बताया कि वर्ष 2019 में एग्रीबोट नामक मशीन को कंपनी द्वारा बनाया गया था जो कि पूरे भारत में सबसे एडवांस एग्रीकल्चर स्प्रे ड्रोन है। इसे ऑपरेट करने में सिर्फ दो लोग लगते हैं। एक पायलट और दूसरा को-पायलट। एग्रीबोट के द्वारा सभी प्रकार की कीटनाशक दवाओं के साथ, नैनायूरिया का भी छिड़काव किया जाता है।

जबलपुर में माध्यमिक शिक्षा मंडल की बड़ी गड़बड़ी

# रामपुर परीक्षा केंद्र में एक रोल नंबर के दो विद्यार्थी

## 12वीं के हिन्दी के परचे में लापरवाही, मचा हड़कंप, डीईओ ने मंडल से कन्फर्म कर एक छात्र को पाया पात्र

**जबलपुर, यशभारत।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं बुधवार से 10वीं के परचे के साथ शुरू हो चुकी है। आज गुरूवार को 12वीं हिन्दी का पर्चा 50 केंद्रों में आयोजित हुआ। इस दौरान जबलपुर के रामपुर परीक्षा केंद्र में बड़ी लापरवाही सामने आई है। दरअसल एक रोल नंबर के दो विद्यार्थियों को परीक्षा में बिठा दिया गया इसकी खबर परीक्षा हॉल में मौजूद पर्यवेक्षक को लगी तो उसने केंद्राध्यक्ष सहित जिला शिक्षा अधिकारी को खबर दी। जिसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल से संपर्क कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया। मंडल ने जानकारी प्राप्त होने के बाद एक छात्र का रोल नंबर कैसिंल करते हुए परीक्षा से वंचित कर दिया। मंडल की इस लापरवाही के बाद हड़कंप मच गया, परीक्षा से वंचित हुए छात्र का कहना था कि उसकी उसमें क्या गलती है।



### नाम भी एक और रोल नंबर भी

बताया जा रहा रामपुर परीक्षा केंद्र में दो छात्रों के विवेक नाम के थे और उनके रोल नंबर भी एक थे। पर्यवेक्षक ने दोनों के प्रवेश पत्र चैक किए तो पहले हैरान हो गए बाद में दोनों छात्रो से जानकारी लगी गई तो उनका कहना था कि इसमें हमारी कोई गलती नहीं है। मंडल से जो प्रवेश पत्र आया था उसी आधार पर परीक्षा देने पहुंचे थे।

### 12 हजार से ज्यादा विद्यार्थी दे रहे परीक्षा

जानकारी अनुसार 12वीं हिंदी के परचे में करीब 12 हजार विद्यार्थी परीक्षा दे रहे है। उक्त परीक्षा जिले के 50 केंद्रों में आयोजित हो रही है। परीक्षा को लेकर जिला शिक्षा विभाग ने उड़नदस्ता दल तैयार किए है जो केंद्रों में औचक निरीक्षण करने पहुंच रहे हैं।

**इनका कहना है**

रामपुर परीक्षा केंद्र में एक रोल नंबर के दो छात्रों द्वारा परीक्षा दिए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। मौके पर जाकर केंद्राध्यक्ष से जानकारी ली गई और मंडल भोपाल के अधिकारियों को अवगत कराया जिसके बाद एक छात्र का रोल नंबर सही निकला जिसे परीक्षा में बैठने दिया गया जबकि दूसरे छात्र को परीक्षा से वंचित रखा गया।

**घनश्याम सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी**

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर**

रा.प्र.क्र.1094/अ-6/2022-2023
जबलपुर, दिनांक / 2023

-: आम इश्तहार :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश साहू एवं ब्रजेश साहू पिता स्व रामनाथ साहू निवासी 93/1 श्याम बैंड गली लार्डगंज जबलपुर के द्वारा मौजा नजूल ब्लॉक नं 51 पहनं स्थित भूमि प्लाट नं 38/4 में से रकवा 220 वर्गफुट भूमि पर रामदीन वल्द लोके साहू की मृत्यु हो जाने के कारण वारसान हक में फौती वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 13/3/23 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 27/02/2023
पेशी दिनांक - 13/03/2023

**तहसीलदार**
**अधारताल, जबलपुर**

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर**

रा.प्र.क्र.1116/अ-6/2022-2023
जबलपुर, दिनांक 27 /2/2023

-: आम इश्तहार :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश कुमार शुक्ला पिता स्व अयोध्या प्रसाद नजूल ब्लॉक नं 79 प्लॉट नं 35/2 रकवा 1066 भूमि पर आवेदक आवेदिका के पति पिता मुन्नीबाई, व अयोध्या प्रसाद का नाम भूमि स्वामी सहखातेदार के रूप में दर्ज है। उक्त भूमिस्वामी, सहखातेदार की मौत हो जाने उपरांत उनके वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 14/3/23 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 27/02/2023
पेशी दिनांक - 14/03/2023

**तहसीलदार**
**अधारताल, जबलपुर**

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर**

रा.प्र.क्र.1211/अ-6/2022-2023
जबलपुर, दिनांक 23 /2/ 2023

-: आम इश्तहार :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीलिमा महादेवकर , दीपिका, भूषण पिता स्व आनन्द महादेवकर निवासी 162 जवाहरगंज वार्ड लार्डगंज थाने के पीछे के द्वारा मौजा 51 स्थित भूमि खसरा नंब 8/3 में से रकवा 940 वर्गफुट भूमि पर आनन्द महादेवकर की मृत्यु दिनांक 14.4.21 को हो जाने के कारण वारसान हक में फौती/वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 09/3/23 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 23/02/2023
पेशी दिनांक - 09/03/2023

**तहसीलदार**
**अधारताल, जबलपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर लोककर्म विभाग**
**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

N.I.T. NO/ PWD/ e-tendering/ PRO/ 741 Dated 01/03/2023

पंजीकृत ठेकेदार/ मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | पैकेज/ कोड | कार्य का विवरण | जिला | अनुमानित लागत (लाख में) | निर्माण अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संभाग क्रं- 01 | संभाग क्र. 01 गढ़ा के अंतर्गत महाराणा प्रताप वार्ड में गणेश मैदान क्षेत्र में नालियों का निर्माण कार्य। | जबलपुर | रु. 29.13 लाख उन्तीस लाख तेरह हजार रू.मात्र | 3 माह |

1. इच्छुक निविदाकार निविदा सूचना (NIT) का विवरण www.mptender.gov.in में देख सकते है।
2. निविदा प्रपत्र दिनांक 03.03.2023 को प्रातः 10:30 बजे से दिनांक 17.03.2023 सायं 5.30 बजे तक ऑनलाईन निविदा क्रय की जा सकती है।

**कार्यपालन यंत्री, लोककर्म विभाग, नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर लोककर्म विभाग**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

N.I.T. NO/ PWD/ e-tendering/ PRO/ 743 Dated 01/03/2023

पंजीकृत ठेकेदार/ मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | पैकेज/ कोड | कार्य का नाम | जिला | अनुमानित लागत (लाख में) | निर्माण अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संभाग क्रं. 15 | नया वार्ड क्र. 75 महाराजपुर म.प्र. गृह निर्माण मंडल हाउसिंग बोर्ड सुभाष नगर कालोनी में विभिन्न स्थानों पर सड़क नाला, नाली, चेम्बर एवं पुलियों के निर्माण कार्य। | जबलपुर | (रु. 425.82 लाख चार करोड़ पच्चीस लाख बयासी हजार मात्र) | 12 माह |
| 2. | संभाग क्रं. 15 | सुहागी से महाराजपुर बायपास तक सर्विस लेन निर्माण (एम-30 सी.सी.) कार्य। | जबलपुर | (रु. 320.25 लाख तीन करोड़ बीस लाख पच्चीस हजार रूपये मात्र) | 12 माह |

1. इच्छुक निविदाकार निविदा सूचना (NIT) का विवरण www.mptender.gov.in में देख सकते है।
2. निविदा प्रपत्र दिनांक 06.03.2023 को प्रातः 10:30 बजे से दिनांक 06.04.2023 सायं 5.30 बजे तक ऑनलाईन निविदा क्रय की जा सकती है।

**अपर आयुक्त, नगर पालिक निगम जबलपुर**

## प्रशिक्षण के लिये 21 मार्च तक आवेदन

**जबलपुर यशभारत।** शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर में संभाग के सभी कार्यालयों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए लेखा प्रशिक्षण का नवीन सत्र एक अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है। इसके लिये 21 मार्च तक आवेदन अमंत्रित है। शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला के प्राचार्य ने जबलपुर संभाग के समस्त कार्यालय प्रमुखों के अधीन कार्यरत नियमित लिपिक वर्गीय कर्मचारी जो सहायक ग्रेड - तीन के पद पर एक वर्ष की लगातार सेवा पूरी कर लिये हो, उनसे प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। इस प्रशिक्षण हेतु 21 मार्च की शाम 5 बजे तक शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर में आवेदन पत्र जमा किया जा सकेगा।

**M.P. POWER MANAGEMENT CO. LTD.**
**TENDER INVITATION**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Tender No. | 704 |
| 2. | Tender Specification No. | EEC/I/1009 |
| 3. | Tender Type/Mode of Tender | Form 'A' Single Envelope/ e-Tendering |
| 4. | Tender for | Various Civil/Electrical work for up gradation of Post office building ( OE- 77/78 ) including chain link mesh fencing in Sub Dn.1 office at MPPMCL,Rampur JBP. |
| 5. | Bids Submission Last Date & Time | 27-March-2023 15:00:00 |
| 6. | Tender opening date and time | 27-March-2023 15:30:00 |
| 7. | Bid Fee (INR) | Rs. 560/- (with GST) |
| 8. | Earnest Money (INR) | Rs. 10,700/- |
| 9. | Eligibility of Contractor- | Registered in MPPMCL in D or above category or having experience of similar nature and quantum of work. |
| 10. | Tender Forms Available at Website | www.mppmcl.com |
| 11. | Contact No. for any other details required. | 0761-2702833, 2702888 (Office Time) |

Note : The due date of extension or any corrigendum will not be published in newspapers and only uploaded on company's Website.
M.P. Madhyam/108767/2023 EXECUTIVE ENGINEER (CIVIL)

**कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री, लोक निर्माण विभाग, (परियोजना क्रियान्वयन इकाई) सिवनी**
**निर्माण भवन, प्रथम तल, कलेक्टर कैम्पस, जिला-सिवनी (मध्यप्रदेश)**
दूरभाष क्र. 07692-225559, E-mail:-dpepiu.seoni@mp.gov.in, dpepiuseoni@gmail.com

एनआईटी नं.- 05/2023/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/जी/एपीडी जबलपुर, दिनांक : 15.02.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| स.क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्यपूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2023_PWPIU_254128_1 | जिला सिवनी अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय में 100 सीटर बालक एवं 100 बालिका छात्रावास भवन निर्माण कार्य का शेष कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | सिवनी (म.प्र.) | 441.01 | 441010.00 | 20000.00 | 12 माह वर्षाकाल सहित |

(1) निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। (2) निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड /इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। (3) निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाईन दिनांक 22.02.2023 से दिनांक 07.03.2023 तक खरीदा जा सकेगा। अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है। (4) निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी-23669/23 **संभागीय परियोजना यंत्री, लोक निर्माण विभाग (पी.आई.यू.) सिवनी**

# मध्य प्रदेश में कुत्ता, बिल्ली और गाय पालने के लिए चुकाना होगा शुल्क

■ भोपाल, यशभारत।

**प्रदेश में अब कुत्ता, बिल्ली और गाय समेत अन्य घरेलू पशुओं को पालना जनता की जेब पर भारी पड़ने वाला है। इसका कारण नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा पंजीकरण तथा अवारा पशुओं का नियंत्रण नियम 2023 में घरेलू पशुओं के लिए किए गए विशेष प्रावधान हैं।**



इसके तहत घर में पालतू पशु को रखने के लिए स्थानीय निकाय से पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। साथ ही जानवर की प्रजाति के आधार पर निर्धारित शुल्क भी जमा करना होगा। यदि पशु मालिक नियमों का उल्लंघन करता है, तो उससे मोटा जुर्माना भी वसूला जाएगा।
इतना ही नहीं एक से अधिक बार पालतू पशु के अवारा घूमते पकड़े जाने पर इसे छुड़ाने के लिए मालिक को बांड भी भरना होगा। इस संबंध में नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं।बता दें कि पालतू पशुओं को लेकर यह व्यवस्था नगरीय विकास और आवास विभाग ने की है। पंजीकरण तथा आवारा पशुओं का नियंत्रण नियम 2023 के अंतर्गत कहा गया है कि शहरी क्षेत्र में रहने वाले हर पशु को माइक्रोचिप, टैग या किसी अन्य संसाधन का एक ब्रांडिंग कोड दिया जाएगा। पालतू पशुओं की श्रेणी में कुत्ता, बैल, घोड़ा, सूअर, ऊंट, खच्चर, बकरी, भेड़ या अन्य पशुओं को शामिल किया गया है।

### कुत्ते के लिए 150 तो गाय के लिए 200 रुपये पंजीयन शुल्क

नियम के तहत हर साल पशु के पंजीयन का नवीनीकरण कराना अनिवार्य होगा, नहीं तो प्रतिदिन पंजीयन शुल्क के 10 प्रतिशत की दर से जुर्माना लगेगा। कुत्ते के पंजीयन के लिए 150 रुपये, गाय और बैल के लिए 200 रुपए शुल्क देना होगा। अन्य जानवरों के पंजीयन के लिए 50 रुपए पंजीयन चुकाने होंगे। इसके बाद हर वर्ष पंजीयन नवीनीकरण कराने कुत्ते के लिए 50 रुपए, गाय-बैल के 100 रुपए और अन्य पशुओं के लिए 25 रुपए प्रतिवर्ष देने होंगे। नए नियम के तहत अगर आपका पालतू जानवर बाहर घूमता पाया गया या किसी को काट लिया तो इसको भी अपराध के रूप में अंकित किया गया है।



# अगले तीन दिनों तक बढ़ेगी एमपी में तपिश

## रात के साथ दिन में भी बढ़ेगा तापमान

भोपाल, ईएमएस।
अरब सागर से आ रही नमी का प्रभाव मध्यप्रदेश के मौसम में दिखाई देने लगा है। बुधवार को प्रदेश के कई हिस्सों में आंशिक तौर पर बादल छाए रहे। वहीं, मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि आने वाले एक-दो देने में भी कुछ हिस्सों में बादल छाए रहेंगे। अधिकतम तापमान स्थिर बने रहने के कारण प्रदेश की जनता को गर्मी से थो?ी निजात जरूर मिली है, लेकिन न्यूनतम तापमान लगातार तेजी से बढ़ रहा है। नर्मदापुरम जिले में न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सागर में 20.5, भोपाल में 19.8, दमोह में 19.6, गुना में 19.4, इंदौर में 18.2, ग्वालियर में 17.6, जबकि प्रदेश में सर्वाधिक न्यूनतम तापमान मलाजखंड में 14.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे साफ है कि प्रदेश के न्यूनतम तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। उधर अधिकतम तापमान स्थिर बना हुआ है राजगढ़ जिले में बुधवार को अधिकतम तापमान 36.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भोपाल में 34.5 ग्वालियर में 31.4 इंदौर में 34.4 जबलपुर में 33.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है।

### 3 डिग्री तक बढ़ेगा अधिकतम तापमान

मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि आगामी तीन-चार दिनों के बाद मध्य प्रदेश के अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तापमान में वृद्धि हो सकती है। 8 मार्च तक प्रदेश का मौसम की तरह शुष्क बना रहेगा। वर्तमान में पश्चिमी मध्यप्रदेश के कुछ हिस्सों में अरब सागर से नमी का आगमन हो रहा है। फलस्वरूप पश्चिमी मध्यप्रदेश के ?ुछ हिस्सों में आंशिक बादल हो सकते हैं।

# कांग्रेस में इतना दम नहीं था कि वह अच्छे बजट को सुन पाती..

## बॉयकाट पर शिवराज ने यूं दिया जवाब

■ भोपाल, यशभारत।

बजट भाषण के दौरान कांग्रेस विधायक विधानसभा से बाहर निकल गए थे। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने शायराना अंदाज में विपक्ष को जवाब दिया है। बजट के बाद बाहर आए सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बस बातें हैं, बातों का क्या... कांग्रेस में आज इतना दम नहीं था कि वह इतने अच्छे बजट को ढंग से सुन पाती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हाउस में भी चिल्लाती है। वहां भी किसी को सुनने नहीं देती है। जनता को भी नहीं सुनने देती है। मैंने आग्रह किया कि कम से कम बजट भाषण को सुनने दें। इसे जनता सुनना चाहती है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लोकतंत्र की परंपरा है। बजट पर चर्चा होती है, उस समय आपको जो कहना है, वह कहे। लेकिन कांग्रेस में कोई अनुशासन नहीं है। साथ ही उन्हें लोकातांत्रिक मूल्यों में भी विश्वास नहीं है। कांग्रेस सिर्फ झूठ बोलती है और झूठ परोसती है। कांग्रेस झूठ की दुकान हो गई है।वहीं, बजट के बाद सीएम शिवराज ने कहा कि मैं एक और बधाई देना चाहता हूं। इस बात के लिए कि मुख्यमंत्री कौशल अप्रेंटिसशिप योजना अपने आप में अभूतपूर्व है। 1000 करोड़ रुपए का इसमें प्रावधान किया गया है। एक लाख युवाओं को इसका लाभ मिलेगा। इस बार एक और नई योजना मुख्यमंत्री बालिका स्कूटी योजना जो शासकीय स्कूल में 12 वीं क्लास में पहले नंबर पर आएगी। उस बिटिया को ई-स्कूटी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि रोजगार के लिए एक लाख से ज्यादा नौकरियों में भर्ती चल ही रही है। लेकिन उसके अतिरिक्त स्वरोजगार योजना मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति जैसी योजनाओं के लिए पर्याप्त प्रावधान, अपने नौजवानों को स्किल्ड करने के लिए भोपाल में संत रविदास ग्लोबल स्किल पार्क बन रहा है। उसी की तर्ज पर ग्वालियर, जबलपुर, सागर, रीवा ये बड़े स्किल्ड सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं।



## उद्योग संगठनों ने बजट को सराहा सभी वर्गों के लिए विकासोन्मुखी बजट-एमएसएमई संगठन

■ भोपाल, यशभारत।

सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के औद्योगिक संगठन एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्य प्रदेश के अध्यक्ष योगेश मेहता ने राज्य सरकार के बजट को सभी वर्गों के लिए विकासोन्मुखी करार दिया। उन्होंने कहा कि बजट में औद्योगिक निवेश को रफ्तार देने पर खास जोर दिया गया है। मेहता ने कहा कि राज्य में दो नये आईटी पार्क समेत कुल 14 नवीन औद्योगिक क्षेत्रों के लिए 7,500 एकड़ जमीन विकसित किए जाने का बजट प्रस्ताव दूरगामी कदम है जिससे रोजगार में इजाफा होगा। प्रदेश के आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले इंदौर के कारोबारी संगठनों के महासंघ अहिल्या चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रमेश खंडेलवाल ने बजट को चुनावी बजट करार दिया। उन्होंने कहा कि इस बजट में व्यापार जगत के लिए कुछ भी नहीं है। खंडेलवाल ने कहा कि बजट में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लिए 8,000 करोड़ रुपये का बड़ा प्रावधान इस साल के आखिर में होने वाले विधानसभा चुनावों में महिला मतदाताओं को साधने की स्पष्ट कवायद है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए मध्य प्रदेश सरकार के बुधवार को पेश बजट की औद्योगिक संगठनों ने जमकर तारीफ की, जबकि कारोबारी संगठनों के एक महासंघ ने ठंडी प्रतिक्रिया जताते हुए कहा कि इस ''चुनावी बजट'' में व्यापार जगत के लिए कुछ भी नहीं है।

# हमारी सरकार बनी तो महिलाओं को 1500 रुपए देंगे...

## कमलनाथ का बड़ा ऐलान

■ भोपाल, यशभारत।

एमपी विधानसभा में शिवराज सरकार के इस कार्यकाल का आखिरी बजट पेश हो गया है। इस बजट में एक लाख नौकरियों की बात की गई है। इसके साथ ही कई लोकलुभावन वादे किए गए हैं। कांग्रेस ने बजट भाषण का बहिष्कार किया है। बजट पेश होने के बाद एमपी के पूर्व सीएम कमलनाथ की प्रतिक्रिया की समाने आई है। उन्होंने कहा कि ये कर्ज, कमीशन और सत्यानाश का बजट है। बजट में सब कुछ प्रस्तावित मात्र किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि हम पिछले वर्ष का बजट देखें तो उसमें भी जो प्रस्तावित प्रावधान थे, उसमें से मात्र 55 फीसदी का वितरण किया गया है।कमलनाथ ने कहा कि यह बजट तो मात्र तीने महीने का है, जिसमें चुनावी घोषणाएं, गुमराह और कलाकारी करने के अलावा कुछ नहीं किया गया है। जमीनी हकीकत यह है कि पिछले वर्ष प्रदेश में 90 लाख युवा बेरोजगार थे। इस वर्ष बढ़कर करीब एक करोड़ पहुंच गए हैं, पिछले वर्ष कितने स्कूलों में शिक्षक नहीं थे? कितने अस्पतालों में डॉक्टर्स नहीं थे? इनकी संख्या 25प्रश बढ़ चुकी है।पूर्व सीएम ने कहा कि आज का बजट महज एक औपचारिकता मात्र रहा, जिसका उद्देश्य जनता को गुमराह और मूर्ख बनाना है। वहीं, चुनाव से पहले शिवराज सरकार ने प्रदेश में लाडली बहना योजना की शुरुआत की है। इसके तहत महिलाओं को एक हजार रुपए हर महीने मिलेंगे। इस पर पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा कि मैं लाडली नाम से कुछ नहीं करूंगा। हमारी सरकार बनी तो मैं हर महिलाओं को 1500 रुपए दूंगा। गौरतलब है कि एमपी में इसी साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा के चुनाव हैं। इसमें अब आठ महीने का वक्त बचा है। इससे पहले सरकार के साथ-साथ विपक्ष भी चुनावी मोड में आ गई है।



## न्यूज ब्रीफ

### हमीदिया के कार्डियोलाजी विभाग को मिली नई जगह, ट्रामा में होगा शिफ्ट

■ भोपाल, यशभारत।

हमीदिया अस्पताल के कार्डियोलाजी डिपार्टमेंट को अब बंद भी करने की जरुरत नहीं होगी। अस्पताल प्रबंधन उसे ट्रामा के इमरजेंसी भवन में शिफ्ट करने का निर्णय लिया है। वहां पर ही आने वाले कुछ दिनों में कार्डियोलाजी डिपार्टमेंट काम करेगा। इसे लेकर हमीदिया अस्पताल प्रबंधन ने निर्णय ले लिया है। इसे ट्रामा भवन में शिफ्ट किया जा रहा है। वहीं इमरजेंसी व ट्रामा अब हमीदिया के नए भवन में शिफ्ट होगा। संभवत~एक सप्ताह में विभागों को शिफ्ट करने का काम शुरू हो जाएगा। कार्डियोलाजी डिपार्टमेंट में पूर्व में भी इमरजेंसी में आपरेशन होते रहे हैं। लेकिन अब अस्पताल प्रबंधन ने रोस्टर तैयार कर सबकी जिम्मेदारी तय कर दी है। पहले यह प्रक्रिया एचओडी के निर्देशों के अनुसार होती थी। लेकिन अब इसे अस्पताल प्रबंधन ने व्यवस्थओं में बदल दिया है। रोस्टर बनने से सभी चिकित्सकों की जिम्मेदारी तय हो जाएगी।

### 3 एक किमी तक चलकर खेत में पहुंचा 400 किलो का मगरमच्छ

■ भोपाल, यशभारत।

भोपाल के हलाली डेम से लगभग एक किमी दूर स्थित करोंद खुर्द गांव में एक किसान के खेत में 400 किलो वजनी और लगभग 12 फीट लंबा मगरमच्छ मिलने से हड़कंप मच गया। मगर खेत में बैठकर धूप ताप रहा था। तभी किसान ने उसे देखा तो हक्का बक्का रह गया। इसके बाद वन विभाग की क्रैक टीम को जानकारी दी गई। टीम को मगरमच्छ को पकड़ने में दो घंटे से अधिक का समय लगा। मगरमच्छ को पकड़कर स्मृति वन के पास कलियासोत डैम में छोड़ दिया गया। जिस जगह से मगरमच्छ को पकड़ा गया है। वहां से हलाली डैम एक किमी दूर है। संभवत~मगरमच्छ डैम या नदी से होते हुए किसान के खेत में पहुंचा होगा। बैरसिया के निपानिया जाट से आठ किमी दूर स्थित करोंद खुर्द में किसान दशरथ लोधी के खेत में बुधवार को मगरमच्छ होने की जानकारी मिली थी। जिसके बाद वन विभाग के क्रैक टीम से प्रभारी प्रमोद मालवीय, वनरक्षक मोहम्मद फराज खान, आनंद भार्गव, रोहित दीक्षित और ड्राइवर हनीफ खान ने मगरमच्छ को रेस्क्यू किया। वन कर्मचारियों ने मेहनत के बाद रस्सियों और जाल की मदद से मगरमच्छ को पकड़ा। वन कर्मचारियों के अनुसार इतने बड़े मगरमच्छ अक्सर पानी से ज्यादा दूर तक नहीं जाते हैं। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार बारिश के मौसम में पानी के बहाव के साथ भी यह मगरमच्छ खेत के आसपास पहुंच गया होगा और बुधवार को किसान की नजर इस पर पड़ी होगी। जिस जगह पर मगरमच्छ बैठा था। वहां काफी जगह की फसल मगरमच्छ के कारण खराब हो गई। मगरमच्छ को पकड़ने के लिए टीम को ग्रामीणों को सहारा भी लेना पड़ा।

# स्टेट हेल्थ एजेंसी की आइडी का गलत उपयोग

## बना दिए 700 फर्जी आयुष्मान कार्ड

■ भोपाल, यशभारत।

क्राइम ब्रांच द्वारा बुधवार को आयुष्मान निरामय योजना के तहत बनाए जाने वाले आयुष्मान कार्ड के बड़े फर्जीवाड़े का राजफाश कर दिया है। आरोपित ने स्टेट हेल्थ एजेंसी की लागइन का अनाधिकृत रूप से उपयोग कर करीब 700 फर्जी आयुष्मान कार्ड बना दिए थे।यह संख्या फिलहाल शुरूआती है, जो बढ़ भी सकती है। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपित ने अपने साथियों की मदद से उन लोगों के कार्ड भी बना दिए जो अस्पताल में भर्ती थे, जिनका उपचार चल रहा था। मुख्य आरोपित पर धोखाधड़ी की धाराओं में एफआइआर दर्ज कर गिरफ्तारी कर ली गई है। बाकी तीन आरोपितों की तलाश जारी है। बता दें कि आयुष्मान निरामय योजना के अंतर्गत शासन द्वारा निर्धारित मापदंड के मुताबिक पात्र व्यक्तियों के ही कार्ड तैयार किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत कार्ड धारक प्रतिवर्ष अधिकतम पांच लाख रुपये तक का इलाज शासकीय एवं निजी चिकित्सालय में निःशुल्क करा सकता है। कार्ड तैयारी करने के लिए शासन ने टीपीए (थर्ड पार्टी एजेंसी) विडाल और एफएचपीएल कंपनी को टेंडर दिया है। यह कंपनी आयुष्मान कार्ड के लिए आवेदन करने वाले लोगों का परीक्षण करने के बाद स्वीकृति प्रदान करती है। आवेदन में कमी होने पर निरस्त करने के बाद मामला स्टेट हेल्थ एजेंसी के पास भेजा जाता है। यह एजेंसी एक बार फिर आवेदन की जांच कर आगे बढ़ाती है। जो अपात्र होते हैं, उनका आवेदन निरस्त कर दिया जाता है। काम की अधिकता होने के कारण विडाल और एफएचपीएल नाम की कंपनी को स्टेट हेल्थ एजेंसी की पांच आइडी उपलब्ध कराई गई थीं। जिनका उपयोग विडाल और एफएचपीएल द्वारा कार्ड बनाने में किया जाता था।वार्ड एक नमो नगर कालोनी ग्वालियर निवासी 39 वर्षीय अनुराग श्रीवास्तव विडाल की ओर से अशोकनगर जिले में समन्वयक था। इस कारण वह अधिकृत रूप से स्टेट हेल्थ एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराई आइडी का उपयोग करता था और आयुष्मान कार्ड के लिए अपात्र लोगों को पात्र कर उनके कार्ड बनाने लगा। उसने ही फर्जीवाड़ा कर अस्पताल में भर्ती मरीजों तक के एक ही दिन में कार्ड बनाए। इसके लिए वह 200 रुपये एक कार्ड बनाने के लेता था। कार्ड बनने के बाद अपात्र लोगों ने कार्ड का उपयोग कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई। आरोपित को फरवरी 2022 से लागइन पासवर्ड दिया गया था, इसलिए उसके मोबाइल पर कार्ड का ओटीपी आता था और वह उसे स्वीकृत कर दिया करता था।





# शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

## गर्भवती महिला ने दर्ज कराई एफआइआर

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी में गौतम नगर थाना पुलिस ने एक गर्भवती महिला की शिकायत पर उसके प्रेमी के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज किया है। आरोपित लंबे समय से शादी करने का भरोसा देकर महिला के साथ ज्यादती कर रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। फिलहाल आरोपित पुलिस की गिरफ्त से दूर है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है।गौतम नगर थाना पुलिस के मुताबिक टीला जमालपुरा निवासी 22 वर्षीय महिला काजी कैंप के एक घर में दो वर्ष से घरेलू कामकाज करती है। इसी दौरान घर मालिक की गाड़ी चलाने वाले विक्की नाम के युवक से महिला की दोस्ती हो गई थी। मई-2022 में विक्की ने शादी करने का झांसा देकर महिला के साथ दुष्कर्म किया था। इसके बाद वह महिला का शारीरिक शोषण करने लगा। वर्तमान में महिला आठ माह की गर्भवती है। पिछले दिनों जब महिला ने विक्की से शादी करने के लिए दबाव डालने की कोशिश की तो वह साफ मुकर गया और महिला को धमकाकर भगा दिया। इसके बाद महिला ने पुलिस थाने पहुंचकर आरोपित के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है।



उधर, कोहेफिजा थाना इलाके में एक महिला ने पति को शराब पीने से रोका तो उसकी जान पर बन आई। नशे में धुत पति ने पत्नी के पीठ में चाकू घोंप दिया। पुलिस ने पति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कोहेफिजा थाना पुलिस के मुताबिक दाता कालोनी निवासी 22 वर्षीय साक्षी पत्नी पीयूष मालवीय गृहणी है। साक्षी ने मंगलवार रात थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उसमें बताया कि उसके पति को शराब पीने की लत है। मंगलवार को भी वह सुबह से शराब पी रहा था। रात करीब नौ बजे उसने पति को शराब पीने से रोका तो मारपीट करते हुए पति ने उसकी पीठ में चाकू मार दिया। उसने घटना की सूचना अपनी मां को फोन पर दी। इसके बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई।

## 2.5 लाख को निजी क्षेत्र की नौकरी

# शिवराज सरकार ने तीन साल में विमान भाड़े पर खर्च किया 37 करोड़

■ भोपाल, यशभारत।

**मध्य प्रदेश ने पिछले तीन साल में निजी विमान कंपनियों को उनके विमान और हेलीकॉप्टर किराए पर लेने के लिए करीब 37 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। यह जानकारी कांग्रेस विधायक मेवाराम जाटव द्वारा विधानसभा में पूछे गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी गई।**

जाटव ने एक अप्रैल, 2020 से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्य के मंत्रियों और अधिकारियों द्वारा की गई हवाई यात्राओं की संख्या और निजी विमानन कंपनियों को उनके विमानों और हेलीकॉप्टरों को किराए पर लेने के लिए भुगतान की गई राशि के बारे में सवाल किया था।
लिखित उत्तर में चौहान ने कहा कि जब सरकार के स्वामित्व वाले विमान मंत्रियों या वरिष्ठ अधिकारियों को ले जाने के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं तो निजी विमान या हेलीकॉप्टर किराए पर लिए जाते हैं। उत्तर में बताया गया कि संबंधित अवधि के दौरान, सरकारी विमानों और हेलीकॉप्टरों का क्रमशः 94 और 982 बार उपयोग किया गया।



2.5 लाख को निजी क्षेत्र की नौकरी मिली-शिवराज सरकार

मध्य प्रदेश में पिछले लगभग तीन साल में रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत 37.8 लाख शिक्षित व्यक्तियों में से 21 लोगों को सरकारी और अर्ध सरकारी संस्थाओं में जबकि 2.51 लाख लोगों को निजी क्षेत्र में नौकरी के प्रस्ताव मिले हैं। राज्य विधानसभा में कांग्रेस के विधायक मेवाराम जाटव द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया गया कि प्रदेश सरकार ने वित्त वर्ष 2021-22 में अपने रोजगार कार्यालयों पर 1,674 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। मध्य प्रदेश विधानसभा के जारी बजट सत्र में खेल एवं युवा मामलों की मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने जाटव के प्रश्न के उत्तर में बताया कि अप्रैल 2020 से प्रश्न तिथि (जनवरी-फरवरी 2023) के बीच 37,80,679 शिक्षित एवं 1,12,470 अशिक्षित व्यक्ति मप्र रोजगार पोर्टल पर पंजीकृत थे। उन्होंने कहा कि इस अवधि के दौरान सरकारी और अर्धसरकारी कार्यालयों में 21 लोगों को नौकरी दी गई तथा 2,51,577 लोगों को रोजगार मेलों में निजी संगठनों से प्रस्ताव पत्र मिले। मंत्री ने यह भी बताया कि वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान रोजगार कार्यालयों पर 1,674.73 करोड़ रुपये खर्च किए गए।

# भोपाल से बेंगलुरू तक नई उड़ान शुरू

## पहले दिन रवाना हुए 175 यात्री

■ भोपाल, यशभारत।

भोपाल से बेंगलुरू तक इंडिगो की सायंकालीन उड़ान बुधवार 01 मार्च से शुरू हो गई। इस नई उड़ान सेवा को लेकर यात्रियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। पहले दिन ही भोपाल से 175 यात्री बेंगलुरू रवाना हुए। वहीं बेंगलुरू से 135 यात्री इस उड़ान के जरिए भोपाल पहुंचे।इंडिगो एयरलाइंस ने यात्रियों द्वारा लंबे समय से की जा रही मांग को देखते हुए इस रूट पर शाम की उड़ान प्रारंभ की है। बेंगलुरू तक सुबह की उड़ान भी पहले की तरह संचालित होती रहेगी। नई उड़ान शुरू होने से बेंगलुरू में कार्यरत आइटी प्रोफेशनल्स एवं छात्र वर्ग को बड़ी सुविधा हो गई है। इंडिगो की पहले से संचालित सुबह की उड़ान में भी औसत पैसेंजर लोड 80 प्रतिशत तक है। इवनिंग उड़ान में तो पहले ही लगभग 90 प्रतिशत सीटें बुक हो गई। दो उड़ानें होने से यात्रियों के पास सुबह के साथ शाम को भी जाने का विकल्प हो गया है।
बेंगलुरू से प्रस्थान - शाम 5.15 बजे



# पमरे में आज से पहली बार अंतर रेल नाटक प्रतियोगिता का तीन दिवसीय आयोजन

**जबलपुर यशभारत।** भारतीय रेलवे पर राष्ट्रीय स्तर की अंतर रेल नाटक प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है। इसी श्रृंखला में इस वर्ष की अंतर रेल नाट्य प्रतियोगिता की मेजबानी पश्चिम मध्य रेल को मिली है, जो कि पश्चिम मध्य रेल के लिए एक ऐतहासिक पल है। 2 मार्च 2023 को कार्यक्रम का शुभारम्भ पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक एवं मुख्य अतिथि सुधीर कुमार गुप्ता द्वारा किया जायेगा, तत्पश्चात् विभिन्न क्षेत्रीय रेलवे/ उत्पादन इकाइयों द्वारा नाटक की प्रस्तुतियां दी जायेगी। इस अंतर रेल नाटक प्रतियोगिता का 4 मार्च 2023 को पुरस्कार वितरण के साथ समारोह का समापन होगा। रेलवे बोर्ड ने पश्चिम मध्य रेल के गठन के पश्चात् पहली बार इस प्रतियोगिता के आयोजन करने का गौरव पमरे को प्रदान किया है। कोरोना काल के बाद संपूर्ण भारतीय रेलवे में पहली बार इस तरह का बड़ा सांस्कृतिक आयोजन किया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर में रेल सौरभ (ऑफिसर्स कॉलोनी) के सभागार में 02.03.2023 से 04.03.2023 तक तीन दिवसीय कार्यक्रम महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेल के संरक्षण में एवं प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं पमरे सांस्कृतिक अकादमी अध्यक्ष के मार्गदर्शन में कार्मिक विभाग के तत्वावधान में आयोजित होगा। इस प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रीय रेलवे/उत्पादन इकाइयों से कुल 21 दल भाग लेंगे, जिसमें लगभग 350 रेल कर्मचारी एवं उनके सहभागी द्वारा भाग लिया जायेगा। जिसमें 2.03.2023 को 10 नाटकों का एवं 03.03.2023 को 11 नाटकों का मंचन होगा। इस वर्ष 21 दलों की सहभागिता पिछली आयोजित प्रतियोगिताओं में सबसे अधिक है।

**विभिन्न क्षेत्रीय रेलवे/उत्पादन इकाइयों से कुल 21 टीमें लेंगी हिस्सा**

## एलटीटी-बनारस के मध्य एक-एक ट्रिप होली स्पेशल ट्रेन

**इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से गुजरेगी**

**जबलपुर यशभारत।** रेल प्रशासन द्वारा होली पर्व पर्व के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस के मध्य एक-एक ट्रिप होली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गा?ी पमरे के इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जायेगी।गा?ी संख्या 01467 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस स्पेशल ट्रेन 4.03.2023 (शनिवार) को लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से 12.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 16.05 बजे बनारस स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01468 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्पेशल ट्रेन 5.03.2023 (रविवार) को बनारस स्टेशन से 18ः10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 20.50 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन पहुँचेगी। कोच कंपोजीशन- इस गाड़ी में 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 02 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 11 शयनयान श्रेणी, 05 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआर सहित कुल 22 कोच रहेंगे। गाड़ी के हाल्ट-रास्ते में यह गा?ी दोनों दिशाओं में कल्याण, नासिक रोड, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशनों पर रुकेगी। रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे ऑनलाइन, आईआरसीटीसी की वेबसाइड एवं पूछताछ सेवा एनटीईएस/139 से भी गाड़ी के समय सारणी की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यात्रीगण कृपया यात्रा के दौरान कोविड-19 से सम्बंधित सरकार द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों का पालन करें।

## विकास कार्य में ऊंचाइयों को छू रहा पश्चिम मध्य रेल

**चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 216 किमी के कार्य हुए पूर्ण**

भारतीय रेल द्वारा सभी क्षेत्रीय रेलों पर विभिन्न परियोजनाओं में अधोसंरचना का विकास एक योजनाबद्ध तरीके से विस्तारित किया जा रहा है। भारतीय रेल द्वारा अपनी कार्यप्रणाली में विकसित एवं अत्याधुनिक तकनीक को बढ़ावा दिया जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को गति प्रदान करते हुए नई ऊंचाइयों को छुआ है। इससे प्रदेश के क्षेत्रों का विकास, आर्थिक और औद्योगिक विकास के साथ-साथ रोजगार को ब?ावा मिला है। पमरे में चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में अब तक विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत नई लाईन, दोहरीकरण एवं तिहरीकरण जैसे विभिन्न अधोसंरचना के निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है।
नई रेल लाइन परियोजना (27 किमी)रामगंजमण्डी-भोपाल नई लाइन परियोजना*के अंतर्गत जुनाखे?ा-अकलेरा रेलखण्ड 27 किलोमीटर नई लाइन का कार्य पूर्ण। 2) दोहरीकरण परियोजना (146 किमी) सतना-रीवा दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत सकरिया-हिनौता रामबन (9 किमी), कटनी-सिंगरौली दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत म?वासग्राम-निवास रोड (16.93 किमी), सरईग्राम-गजराबहरा (10.7 किमी), गजराबहरा-देवराग्राम (10.4 किमी), खन्ना बंजारी-महरोई (11.90 किमी) और बीना-कोटा दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत ओर-रेहतवास-पिपरईगांव (14.33 किमी), सालपुरा-केसिली-छाबड़ा (15.63 किमी), पिपरईगांव-गुनेरू बामेरु-मुंगावली-कंजिया (27.22 किमी), छाबड़ा गुगोर-मोतीपुरा चैकी (21.53 किमी), महादेवखेड़ी-मालखेड़ी (5.66 किमी), कोटा-सोगरिया (2.71 किमी) रेलखण्डों का कार्य पूर्ण।
3) तिहरीकरण परियोजना (43 किमी)ः-कटनी-बीना तिहरीकरण के अंतर्गत ईसरवारा-नरियावली (9 किमी), सागर-मकरोनिया (7 किमी), खुरई-सुमरेरी (8.5 किमी), रीठी-सैलया (18.5 किमी) रेलखण्डों का कार्य पूर्ण।पश्चिम मध्य रेल पर रेलखण्डों का दोहरीकरण एवं तिहरीकरण कार्य हो जाने से गाड़ियों की गति, रेलवे ट्रैक की क्षमता एवं दक्षता में सुधार, संरक्षा में वृद्धि एवं मालगाड़ियों के परिचालन में सुगमता बढ़ेगी साथ ही मध्यप्रदेश राज्य एवं राजस्थान राज्य के औद्योगिक क्षेत्रों के आर्थिक विकास में रेलवे के नये आयामों को बढ़ावा मिलेगा।



## दिव्यांगों के प्रति संवेदनशीलता दिखाए पुलिसः संदीप रजक आयुक्त निःशक्तजन

**आयुक्त नि :शक्तजन मध्यप्रदेश संदीप रजक द्वारा ओमती थाना कन्ट्रोल रूम नव निर्मित भवन का किया निरीक्षण**

**जबलपुर, यशभारत।** आयुक्त नि :शक्तजन संदीप रजक ने आज ओमती थाना कन्ट्रोल रूम के नव निर्मित भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त रजक के द्वारा थाने के अधिकारियों के साथ चर्चा के दौरान निर्देशित किया गया कि-पुलिस ट्रेनिंग हॉल में साईन लेग्वेज की बेसिक ट्रेनिंग कराये जायें। ताकि दिव्यांगजन की समस्याओं को पुलिस के द्वारा समझा एवं सुलझाया जा सके। साथ ही समस्त श्रेणी के दिव्यांगजन का प्रशिक्षण भी दिलाया जावे। विभिन्न श्रेणी के दिव्यांगजन विशेष रूप से बौद्धिक दिव्यांगजनों के साथ घटित होने वाली घटनाओं के प्रति पुलिस विभाग में संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाना आवश्यक है। निरीक्षण उपरांत केंट थाना का निरीक्षण भी किया गया एवं उक्त थाने के अधिकारियों को भी दिव्यांगजन के घटित घटनाओं में बेहद संवेदनशीलता के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी श्री सिद्धार्थ बहुगुणा के साथ एसपी कार्यालय में बैठक में आयुक्त श्री रजक ने कहा कि सभी थानों में दो व्हील चेयर हों साथ ही सभी थानों में रैंप रेलिंग, ब्रेल साइनेज की व्यवस्था की जाए।



आयुक्त श्री रजक द्वारा रामलीला मैदान घमापुर स्थित नवनिर्मित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र भवन का निरीक्षण भी किया गया और संबंधित अधिकारियों को दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र के बेहतर संचालन के निर्देश दिये। उन्होंनें कहा कि भवन के कक्षों व अन्य विशेषज्ञों के कक्षों में लगने वाले उपकरणों के क्रय किये जाने हेतु लिस्ट बनाकर प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाये। भवन में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं तथा दिव्यांगजन के लिये लिफ्ट की सुविधा सुनिश्चित करने के लिये भारत सरकार की सिपडा योजना के तहत प्रपोजल भारत सरकारी को भेजे जाने के लिये निर्देशित किया । उन्होनें भवन के छत पर भीतर की ओर बने हुए लाफ्ट पर सीमेंट के घोल से कांच च्लगवाए जाएं ताकि चोरी की संभावनाओं को कम किया जा सके। आयुक्त श्री रजक के द्वारा जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अधिकारी तथा समस्त कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि जिला अस्पताल में प्रत्येक सप्ताह के सोमवार को आयोजित होने वाले मेडिकल बोर्ड में डीडीआरसी के विषय विशेषज्ञ ही जावे तथा प्रशासनिक अधिकारी जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में ही उपस्थित रहकर जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र संचालित करें। विभिन्ना निर्देश जारी किये गये, उक्त भवन में 04 दिव्यांगजनों को 03 ट्राई साइकिल व कान की एक मशीन का वितरण किया गया। साथ ही सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण जिला कार्यालय भी इसी भवन में संचालित किया जावे। इस दौरान श्री आशीष दीक्षित प्रभारी संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण भी उपस्थित थे।

## पड़ोसी महिला को चाकू मारकर हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

**गोटेगांव, यशभारत।** गोटेगांव में पडोसी महिला की चाकू मारकर हत्या करने वाले अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। थाना गोटेगांव का अप0क्र0 264/2021 धारा 294,324,307 इजाफा धारा 302 भादवि ः- दिनांक 16.04.21 को प्रार्थी विजय डोगरे ने रिपोर्ट लेख कराया कि आज रात करीब 10.30 बजे यह अपने घर मे अपनी पत्नी शबाना बी के साथ खाना बना रहा था, बच्चे पढ़ रहे थे तभी घर के सामने रहने वाला इमरान खान इसके दरवाजे के सामने ,खड़ा होकर इसे व इसकी पत्नी शबाना बी को गंदी-गंदी गालियॉ देने लगा, मना करने पर इमरान खान अपने हाथ मे रखा चाकू से जान से मारने की नियत से इसकी पत्नी शबाना बी को बांये तरफ पसली मे मारा वह गिर गयी तो यह बीच बचाव करने गया तो इसे भी इमरान ने बायं तरफ पसली मे, बाये पैर, घुटना, बांये हाथ की कोहनी मे प्राणधातक चोटे पहुचाया जिस पर अपराध धारा 294,324,307 भादवि का अपराध कायम किया गया तथा आहत शबानी बी उपचार के दौरान मेडीकल जबलपुर मे फौत होने पर प्रकरण मे धारा 302 भादवि का इजाफा किया गया । घटना की जघन्यता को देखते हुये जघन्य सनसनीखेज गंभीर अपराध की श्रेणी मे चिन्हित कर विवेचना क्रम मे दिनांक 30.04.2021 को आरोपी इमरान पिता युसुफ खान उम्र 29 साल को गिरफ्तार कर घटना मे प्रयुक्त आलाजरब चाकू आदि जप्त कर जे आर पर भेजा गया । जप्त शुदा भौतिक साक्ष्य परीक्षण हेतु एफएसएल भेजे गये । विवेचना क्रम मे ठोस भौतिक, परस्थितिजन्य, चिकित्सीय साक्ष्य का संकलन कर दिनांक 13.06.2021 को विवेचना पूर्ण कर चालान क्र 294/21 तैयार किया गया तथा चालान समिक्षा उपरान्त दिनांक 22.06.21 को चालान मान0 न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया । एफएसएल रिपोर्ट प्राप्त कर माननीय न्यायालय मे प्रस्तुत कराई गई तथा नियत दिनांको पर ही साक्षियों को माननीय न्यायालय मे उपस्थित कराकर गवाही कराई गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये अपराध कायमी से विचारण तक पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर द्वारा लगातार मॉनीटरिंग की गयी है। माननीय न्यायालय श्री अखिलेष कुमार धाकड़ प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, नरसिंहपुर द्वारा सत्र प्रक्र0 98/21 पर सुनवाई कर अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य व तर्को से संतुष्ठ होते हुये अपने निर्णय दिनांक 25.02.2023 को आरोपी इमरान पिता युसुफ खान उम्र 29 साल निवासी पटेल वार्ड गोटेगांव थाना गोटेगांव को दोषी पाते हुये धारा 302 भादवि मे आजीवन कारावास व 1000/- अर्थदण्ड एवं धारा 324 भादवि मे 03 साल सश्रम करावास एवं 500/- अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। प्रकरण की विवेचना तत्कालीन थाना प्रभारी गोटेगांव निरी0 अखिलेष मिश्रा हाल थाना प्रभारी करेली द्वारा तथा शासन की ओर पैरवी श्री रामकुमार पटेल जिला लोक अभियोजन अधिकारी नरसिंहपुर द्वारा की गई है ।

## श्री 1008 कमल नयन दास जी महाराज का आगमन शुक्रवार को



**पनागर, यशभारत।** श्री श्री 1008 महंत नृत्य गोपाल दास जी महाराज अध्यक्ष श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट श्री कृष्ण जन्म भूमि न्यास के उत्तराधिकारी श्री श्री 1008 कमल नयन दास जी महाराज का आगमन आपके संस्कारधानी जबलपुर में 3 मार्च को होने जा रहा है वह श्री लक्ष्मी नारायण आश्रम सुहागी जबलपुर में दीक्षांत समारोह का कार्यक्रम करके अष्टसिद्धि श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर हनुमानपुरी, स्नेह नगर, आयोजक समिति अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, पंचमुखी हनुमान मंदिर के बाद 11 कुंडीय मारुती यज्ञ में सम्मिलित होंगे 4 मार्च को पुनः अयोध्या को प्रस्थान करेंगे जानकारी आश्रम के समिति के सदस्यों ने दी अध्यक्ष आशीष दास,उपाध्यक्ष राम प्रजापति, अरविंद सिंह सविता तिवारी आनंद शर्मा नीरज सोनी ने सम्मिलित होने की अपील की है

## लाडली बहना योजना की दी जानकारी



पाटन, यशभारत। नगर परिषद पाटन के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 स्थित आंगनवाडी में पार्षद सत्यम मेहरा द्वारा आगामी 5 मार्च से शुरू होने वाली मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना हेतु वार्ड की समस्त महिलाओं को योजना की जानकारी प्रदान की गई एवं समस्त महिलाओं को इस योजना में लगने वाले दस्तावेज की जानकारी प्रदान कर उन्हें जल्द पूर्ण कराने की बात कही गई जिससे उन्हें इस योजना का लाभ प्राप्त हो सके। इसी के साथ ही पार्षद द्वारा लाडली लक्ष्मी योजना अंतर्गत पात्र बहनों को प्रमाण पत्र वितरित कर वृक्षारोपण किया गया एवं आंगनवाड़ी का निरीक्षण किया, इस अवसर पर वार्ड की समस्त महिलाएं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रही।

### सेवानिवृत्त हुए सोनी, दी बिदाई



**पाटन, यशभारत।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा पाटन में विगत 35 वर्षो हेड कैशियर के पद पर अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे विनोद सोनी को उनकी सेवाएं पूरी होने पर बिदाई दी गयी इस समारोह में नगर परिषद पाटन के अध्यक्ष आचार्य जगेन्द्र सिंह और ब्रांच मैनेजर द्वारा शॉल श्रीफल और सम्मान पत्र दे कर सम्मानित किया गया इस मौके पर सोनी द्वारा सभी स्टाफ का धन्यवाद ज्ञापित किया गया कार्यक्रम में अमित पांडेय रामेश्वर सोनी विवेक सिंह सत्यम मेहरा सिध्दांत नायक तनुज सोनी उपस्थित रहे।

**कांग्रेस पार्टी की पत्रकार वार्ता में बोले इंजी. साहिल सिंह**

## मुख्यमंत्री चौहान धारदार हथियार लेकर विकास दिखाने निकले हैं!

**गोटेगांव, यशभारत।** गत दिवस गोटेगांव के श्रीधाम मैरिज हॉल में स्थानीय कांग्रेस पार्टी द्वारा भाजपा सरकार की विकास यात्रा के खिलाफ एवं कांग्रेस पार्टी की जनजागरण यात्रा के संबंध में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई जिसमें कांग्रेसियों ने जमकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। पत्रकार वार्ता में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष द्वारका सिंह राजपूत ने कहा कि किसान परेशान है और भाजपा झूठी विकास यात्रा निकाल रही है। पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के प्रदेश सचिव नरेश बिलबार ने भाजपा सरकार पर विभिन्न आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार चुनाव आते ही लाड़ली बहना के नाम पर महिलाओं के बोट को खरीदने की कोशिश कर रही है। जनजागरण यात्रा के प्रभारी एवं कांग्रेस पार्टी के युवा नेता इंजी. साहिल सिंह राजपूत ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित भाजपा पर कई गंभीर आरोप लगाए, इंजी. साहिल सिंह ने कहा कि पूरे प्रदेश में भाजपा की विकास यात्रा का जनता जमकर विरोध रही है इससे यह साबित होता है कि भाजपा का झूठा विकास जनता समझ चुकी है, मुख्यमंत्री श्री चौहान को धारदार हथियार लेकर विकास बताने जाना पड़ रहा है, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सिर्फ दिखावे की राजनीति करते हैं। इंजी. साहिल सिंह राजपूत ने पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को खुली चुनौती भी दे दी, इंजी. राजपूत ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री में हिम्मत है तो झूठे विकास की बात करने गोटेगांव आ कर दिखाएं, मैं मुख्यमंत्री को अपने साथियों के साथ काले झंडे दिखाउंगा, इंजी. साहिल सिंह राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अहाता बंद कराके परिवार में पति पत्नी के बीच झगड़ा कराना चाहते हैं। पत्रकार वार्ता में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष द्वारका राजपूत,पिछड़ा वर्ग कांग्रेस प्रदेश सचिव नरेश बिलबार, वरिष्ठ नेता सरदार सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण तिवारी, युवा कांग्रेस नेता आशीष राय, दीपक नेमा, शिवांश जैन, उदय पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



## आमंत्रण कार्ड हल्दी चावल देकर घर-घर जाकर कथा का पुण्य लाभ लेने किया आमंत्रित

**बेलखाड़ू, यशभारत।** पनागर रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने बागेश्वर धाम प्रमुख धीरेंद्र शास्त्री जी के मुखारविंद से 25 मार्च से 31 मार्च तक होने बाली श्रीमद् भागवत कथा में पहुंचने हेतु भक्तों द्वारा ग्राम सूरतलाई मंगेला नगना, पौड़ी, हर्दुआ, खेरी बेलखाड़ू मोहास बघोड़ी झगरा भर्रा आदि ग्रामों में घर घर जाकर हल्दी चावल आमंत्रण कार्ड देकर आमंत्रित किया गया भागवत कथा का हर व्यक्ति पुण्य लाभ उठा सकें इस हेतु कथा आयोजनकर्ता श्रीमती माया सुशील इंदु तिवारी विधायक पनागर ने सभी भक्तों को कथा में पहुंचने की अपील। की है ग्रामों मैं आमंत्रण कार्ड देने आमंत्रण करने अनिल पटेल राजेश पटेल पप्पू साहू रज्जी शुक्ला शेरा गोटिया रिंकू रजक प्रदीप पटेल कप्तान पटेल प्रदीप साहू आनंद शिवहरे पीयूष साहू जानू शिवहरे तनु साहू राजू साहू आदि मौजूद रहे।



## राज्य स्तरीय विशाल इनामी दंगल में हुई 66 कुश्ती

**मध्यप्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों से भी पहुंचे पहलवान दिखाया अपना जौहर**



**पनागर, यशभारत।** जनकल्याण खेल समिति एवं बुद्धि गोड अखाड़ा के संयुक्त तत्वाधान में पनागर शिशु मंदिर के पीछे मैदान में राज्य स्तरीय विशाल दंगल के आयोजन में आज लगभग 66 कुश्ती संपन्न हुई जिसमें मध्यप्रदेश के अलावा उत्तर प्रदेश महाराष्ट्र सहित अनेक प्रदेश के पहलवानों ने हिस्सा लिया एवं अपना अपना जौहर दिखाया जबलपुर जिले की अन्य स्थानों से भी पहलवानों ने हिस्सा लिया।
कुश्ती में निर्णायक रमेश पहलवान मुन्ना पहलवान रहे कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यक्रम के अतिथि प्रदीप पटेल नगर पालिका अध्यक्ष रवि पटेल कांग्रेश पिछड़ा वर्ग जबलपुर विमल जैन अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस पनागर आनंद जैन मिंचु विधायक प्रतिनिधि बाबू खान तुलसी कुशवाहा पार्षद आरडी जरहा अपर कलेक्टर संयुक्त संचालक सहित अन्य अतिथियों का स्वागत दंगल के आयोजक मनोज पहलवान प्रदेश महामंत्री खेल प्रकोष्ठ कांग्रेश ने किया दंगल में पहुंचे जिले और राज्य स्तरीय पहलवानों का स्वागत साफा पहनाकर किया गया विजेता पहलवानों को नगद राशि शील्ड अन्य विशेष पुरस्कारों से नवाजा गया वही अच्छी कुश्ती प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को भी फील्ड एवं अन्य विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए कमेटी के अन्य सदस्यों में हरि पहलवान संतोष पहलवान बल्लू पहलवान मनीष पहलवान अंकित पटेल पहलवान कुंदन पहलवान जबमन पहलवान राजकमल पहलवान ने भी अपनी विशेष भूमिका दिखाते हुए दंगल सफल बनाने में अपना सराहनीय सहयोग प्रदान किया अंत में आयोजन समिति ने सभी आए हुए पहलवानों का आभार व्यक्त किया।

## नंदीश्वर दीप विधान का आयोजन पनागर में



**पनागर, यशभारत।** अतिशय क्षेत्र पनागर मेंश्री 1008 नेमिनाथ जिनालय बाजार मंदिर में नंदीश्वर दीप विधान का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के वातावरण में चल रहा है प्रात: काल में ही महिलाएं पुरुष मंदिर में पहुंचना प्रारंभ हो जाते हैं जहां पर भगवान का अभिषेक एवं शांति धारा प्रतिदिन होती है आज की शांति धारा का सौभाग्य मनोज चौधरी श्रीमती उषा चौधरी को प्राप्त हुआ तत्पश्चात भगवान का पूजन एवं विधान प्रारंभ किया गया विधान में श्रीमती राजकुमारी चौधरी श्रीमती समीक्षा चौधरी श्रीमती मनीषा मोदी श्रीमती शालिनी लग्जरी श्रीमती विमला खजांची श्रीमती उषा चौधरी श्रीमती सविता मोदी श्रीमती मणि सिंघाई श्रीमती भारती मोदी श्रीमती शगुन मोदी श्रीमती प्रिया मोदी श्रीमती कीर्ति मोदी श्री बुआ कुमारी सुषमा मोदी रश्मि सिंघाई मानसी मोदी महिमा सहित समाज की सैकड़ों महिला पुरुष बच्चे आदि सम्मिलित होकर धर्म लाभ ले रहे हैं इस आठ दिवसीय विधान का आज तीसरा दिन था।



## भागवत कथा के पांचवे दिन गोवर्धन पूजन के माध्यम से प्रकृति के संरक्षण का दिया संदेश

**पनागर, यशभारत।** ग्राम मुड़िया पनागर में चल रही भागवत कथा के पांचवें दिन पूज्य सोनम मिश्रा जी ने कहा कि भगवान की कथा इस लोक में तो सुख देती है । अंत में मृत्यु के बाद भी मोक्ष प्रदान करती है । भगवान ने बुराई रूपी पूतना का उद्धार किया । कृष्ण ने बकासुर अघासुर आदि दैत्यौ का उद्धार किया । कथा के माध्यम से देवी जी ने बताया कि सुख और दुख वैसे ही है । जैसे दिन और रात होता है , दिन होता है तो रात भी निश्चित ही होती है , वैसे ही यदि जीवन में सुख है तो कभी ना कभी सभी को दुख जरूर भोगना पड़ेगा । गोवर्धन नाथ महाराज के पूजन के माध्यम से प्रकृति के संरक्षण का दिया उपदेश । देवी जी ने कहा कि भगवान ने गोवर्धन नाथ महाराज को धारण कर यह उपदेश दिया कि यदि प्रकृति सुरक्षित है तो व्यक्ति का जीवन सुरक्षित है । और यदि हम प्रकृति को सुरक्षित नहीं रख पाएंगे तो हमारा जीवन भी सुरक्षित नहीं रहेगा । आज वृक्षों की कटाई के कारण दिन प्रतिदिन ऑक्सीजन कम होती जा रही है ।कार्बन डाइऑक्साइड बढ़ती जा रही है । यदि ऐसे ही हम प्रकृति का संरक्षण नहीं करेंगे तो 1 दिन सभी मनुष्यों को इसके दुष्परिणाम भोगने पड़ेंगे । इसीलिए प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम 10 से 15 वृक्ष जरूर लगाएं । कथा के मुख्य अजमान राम मनोहर पटेल , रवि पटेल जी ने आप सभी भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह किया है । कथा के विश्राम 3 मार्च 2023 को सुदामा चरित्र के माध्यम से होगा ।

## शादीशुदा लाइफ को काफी इंजॉय कर रही मौनी रॉय

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

छोटे परदे से अपनी पहचान बनाने वाली मौनी रॉय अपनी शादीशुदा लाइफ को काफी इंजॉय कर रही हैं। वह अक्सर अपने पति के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करती हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर



काफी एक्टिव रहती हैं। इसी बीच मौनी की लेटेस्ट फोटोज सामने आई हैं जिनमें एक बार फिर से उनका खूबसूरत अंदाज देखने को मिल रहा है। मौनी हर बार अपने किलर लुक्स से अपने फैंस को दिलों को घायल कर देती हैं। वह चाहकर भी अपनी नजरें इनसे हटा नहीं पाते हैं। मौनी इन फोटोज में ब्राउन कलर का वन पीस कैरी किए हुए दिख रही हैं। यह एक ऑफ शोल्डर ड्रेस है। इस आउटफिट में एक्ट्रेस का कर्वी फिगर कमाल लग रहा है। एक्ट्रेस की फोटोज पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं। साथ ही कमेंट के जरिए अपना रिएक्शन भी शेयर कर रहे हैं।

## वीडियो पोस्ट कर सलमान ने दिया गाने का लिंक

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान अपनी आने वाली फिल्म किसी का भाई किसी की जान को लेकर काफी चर्चा में हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर बिल्लियों का एक छोटा सा वीडियो पोस्ट किया। दरअसल, सलमान



ने अपने नए गाने की घोषणा वीडियो के जरिए की। नए गाने के बोल बिल्ली बिल्ली है। इस गाने में सलमान और गायक सुखविंदर सिंह सहयोग कर रहे हैं। बिल्ली बिल्ली एनर्जी से भरपूर पंजाबी डांस नंबर है। गाने को कंपोज सुखबीर ने किया है और लिरिक्स कुमार ने लिखे है। सलमान खान फिल्म्स प्रोडक्शन किसी का भाई किसी की जान फरहाद सामजी द्वारा निर्देशित है। फिल्म में सलमान खान, वेंकटेश दग्गुबाती, पूजा हेगड़े, जगपति बाबू, भूमिका चावला, विजेंदर सिंह, अभिमन्यु सिंह, राघव जुयाल, सिद्धार्थ निगम, जस्सी गिल, शहनाज गिल, पलक तिवारी और विनाली भटनागर हैं।

## अक्षय ने माना अपनी गलती

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार की हालिया फिल्म सेल्फी फ्लॉप हो गई है। लगातार कई फ्लॉप फिल्में दे चुके अक्षय ने कहा कि फिल्मों का बॉक्स-ऑफिस पर न चल पाना पूरी तरह से उनकी गलती है, किसी विशेष फिल्म



को पसंद नहीं करने के लिए दर्शकों को दोष नहीं देना चाहिए। अभिनेता ने कहा कि उन्होंने अपने करियर के शुरुआती दिनों में इसी तरह की समस्या का सामना किया था, जब उनकी 16 फिल्में बॉक्स-ऑफिस पर लगातार फ्लॉप हुई थीं। अभिनेता ने कहा, ऐसा मेरे साथ पहली बार नहीं हो रहा है। मेरे करियर में मैंने एक समय में लगातार 16 बार फ्लॉप फिल्में दी हैं। एक समय था जब मेरी लगातार आठ फिल्में थीं, जो नहीं चलीं। अब, मेरे पास लगातार तीन-चार फिल्में हैं जो नहीं चलीं। फिल्म का न चलना अपनी ही गलती के कारण होता है। दर्शक बदल गए हैं, आपको बदलने की जरूरत है। अक्षय ने कहा कि यह बहुत अच्छा अलार्म है, आपकी फिल्म नहीं चल रही, तब गलती आपकी है।

## बैड बॉय का पहला गाना तेरा हुआ रिलीज

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

फिल्म बैड बॉय का पहला गाना तेरा हुआ रिलीज किया गया। यह गाना अरिजीत सिंह और ज्योतिका टांगरी द्वारा गाया गया। इसके वीडियो में नमाशी चक्रवर्ती और अमरीन हैं। नमाशी, अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती



के बेटे हैं। गाने को रूस के सेंट पीटर्सबर्ग मेंकुछ खूबसूरत इलाकों में शूट किया गया है, और इसमें रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण के गाने खुदा जाने जैसा ही वाइब है। तेरा हुआ में मुख्य जोड़ी की शानदार केमिस्ट्री दिखाई गई है। गीत को हिमेश रेशमिया ने धुन दिया है। इसके बोल सोनिया कपूर रेशमिया द्वारा लिखे गए हैं।इनबॉक्स पिक्‍ र्स के बैनर तले अंजुम कुरैशी और साजिद कुरैशी निर्मित बैड बॉय का निर्देशन राजकुमार संतोषी कर रहे हैं। फिल्म में नमाशी चक्रवर्ती और अमरीन के अलावा जॉनी लीवर, शाश्वत चटर्जी, राजपाल यादव, राजेश शर्मा और दर्शन जरीवाला भी हैं।

### टीम इंडिया ने मांगा था टर्निंग ट्रैक

# ढाई घंटे में ऑलआउट-ऑस्ट्रेलियाई बोले- पिच टेस्ट लायक नहीं, भारतीय एक्सपर्ट ने कहा- ऐसा ही चलेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नागपुर के बाद अब इंदौर की पिच पर भी सवाल उठने लगे हैं। एक्सपर्ट इसे औसत रेटिंग दे रहे हैं, क्योंकि भारत-ऑस्ट्रेलिया तीसरे टेस्ट के पहले दिन भारतीय टीम महज ढाई घंटों में 109 रन पर सिमट गई। भास्कर को एक सूत्र ने बताया है कि टीम इंडिया के मैनेजमेंट ने क्यूरेटर्स से कहा था- पहले ही सेशन से टर्निंग ट्रैक बनाई जाए। हालांकि भारतीय बल्लेबाज अपनी ही रणनीति में फंस गए ओर घूमती गेंदों पर रन बनाने में नाकाम रहे। दरअसल, पहले ही सेशन से स्पिनर्स को पिच से मदद मिलने लगी। इस पर 4.8 डिग्री का टर्न देखा गया। यह नागपुर में 2.5 डिग्री था। ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई मीडिया सहित कई क्रिकेट एक्सपर्ट पिच की गुणवत्ता पर सवाल उठा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर्स का कहना है- पिच टेस्ट के लायक नहीं है। वहीं, भारतीय दिग्गज भी इतने ज्यादा टर्न से हैरान हैं। क्ष्ष्टष्ठ्ठ के पूर्व चीफ पिच क्यूरेटर ने कहा- यहां ऐसा ही चलेगा। स्टोरी में आगे हम जानेंगे कि इंदौर की पिच पर भास्कर एक्सपर्ट की राय क्या है।



### बैटिंग कोच ने किया बचाव

हालांकि, भारतीय टीम के बैटिंग कोच विक्रम राठौर ने अपने बल्लेबाजों का बचाव करते हुए कहा कि उनमें से कोई भी खराब शॉट खेलकर आउट नहीं हुआ। यकीनन बल्लेबाजी के लिए यह मुश्किल पिच है। यह विकेट हमारी उम्मीद से ज्यादा सूखा है और बहुत ज्यादा टर्न ले रहा है। वहीं, अर्धशतक जमाने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपनर उस्मान ख्वाजा ने कहा- ईमानदारी से कहूं तो यह एक आसान विकेट नहीं है। टॉस के समय भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने भी इसकी आशंका जताते हुए कहा था- यह पिच कुछ अलग है। यह थोड़ी सूखी हुई है, तो हमें अपना क्लास दिखाना होगा।

### अब जानें एक्सपर्ट्स ने भास्कर से क्या कहा?

यह टेस्ट क्रिकेट के लिए ठीक नहीं, भारत की रणनीति उसी पर भारी पड़ी ः अतुल वासन टीम इंडिया के पूर्व गेंदबाज अतुल वासन कहते हैं- पहले दिन के पहले ही सेशन में पिच का टर्न लेना टेस्ट क्रिकेट के लिहाज से ठीक नहीं है। भारत की रणनीति उसी पर उलटी पड़ गई। अगर टेस्ट ऐसे ही तीन दिन में खत्म होते रहे, तो टेस्ट का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा। इससे ब्रॉडकास्टर, एडवर्टाइजर सबका नुकसान होगा। इससे टेस्ट क्रिकेट का ही नुकसान है। सभी देश होस्ट होने का फायदा उठाते हैं, लेकिन भारत में पिछले कुछ सालों से ज्यादा ही फायदा उठाया जा रहा है। टेस्ट कम से कम चार दिन तो चलना ही चाहिए। भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में इंग्लैंड में ऑस्ट्रेलिया से खेल सकता है, ऐसे में उसको ध्यान में रखकर पिच को तैयार करना चाहिए था।

# आईपीएल में इस बार इन खिलाड़ियों पर रहेंगी नजरें

**मुम्बई (ईएमएस)।** इस माह के अंत में शुरु हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल ) के 16 वें सत्र में एक बार फिर दुनिया भर के आक्रामक बल्लेबाजों को चौके , छक्के लगाते हुए देखने का अवसर क्रिकेट प्रशंसकों को मिलेगा। आईपीएल विश्व की सबसे बड़ी लीग है और इसमें विश्व क्रिकेट के सभी देशों के स्टार खिलाड़ी खेलते हैं। इस लीग में दक्षिण अफ्रीका के भी कई क्रिकेटरों ने अपने खेल से सभी का ध्यान खींचा है। इस बार ये क्रिकेटर कर सकते हैं कमाल डेविड मिलर ः मध्य क्रम में डेविड मिलर एक आक्रामक बल्लेबाज हैं। वह पिछले कई साल से आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करते आ रहे हैं। उनके पास काफी अनुभव भी है। पहली बार 2012 में किंग्स इलेवन पंजाब ( अब पंजाब किंग्स ) से खेलने वाले मिलर ने पिछले साल 2022 में गुजरात टाइटंस को पहली बार विजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। मिलर बीच के ओवर्स में तेजी से रन बनाने के लिए जाने जाते हैं। ऐडन मार्करम ः ऐडन मार्करम को सनराइजर्स हैदराबाद ने उन्हें अपनी आईपीएल टीम का कप्तान बनाया है। अब वह इस सत्र में अपनी टीम को जीत दिलाने का प्रयास करेंगे। मार्करम इस प्रारुप में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। इससे पहले उन्होंने एसए20 में सनराइजर्स ईस्टर्न कैप को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। क्विंटन डिकॉक ः आईपीएल की नई टीम लखनऊ में शामिल बाएं हाथ के



बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक को विश्व के सबसे आक्रामक सलामी बल्लेबाजों में से एक माना जाता है। । डिकॉक शीर्ष क्रम में पावरप्ले के दौरान किसी भी गेंदबाजी आक्रमक को धवस्त कर सकते हैं। उनके पास अच्छी तकनीक है। वह तेज गेंदबाजों के साथ-साथ स्पिनर्स को भी काफी अच्छे से खेलते हैं। डि कॉक आईपीएल में लगातार बढ़िया खेलते आए हैं। ट्रिस्टन स्टब्स - दक्षिण अफ्रीका का यह युवा क्रिकेटर कई बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावित कर चुका है। पिछले साल बीच टूर्नामेंट में तेज गेंदबाज टाइमल मिल्स के घायल होने के बाद मुंबई इंडियंस ने इस 22 वर्षीय विकेटकीपर मध्य क्रम के बल्लेबाज को शामिल किया था।

# मुमताज का 75 साल की उम्र में ऐसा वर्कआउट देख छूटे लोगों के पसीने, बोले- और हम बैठे आराम से रील्स देखते हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीते जमाने की मशहूर एक्ट्रेस मुमताज ने जब से इंस्टाग्राम जॉइन किया है, तबसे उन्होंने तहलका मचा रखा है। आए दिन वह अपने वर्कआउट वीडियो शेयर कर रही हैं। 75 साल की उम्र में फिटनेस को लेकर मुमताज जिस तरह से कॉन्शस हैं, वह बेहद इंस्पायरिंग हैं। लेकिन उनका वर्कआउट देख फैन्स हैरान भी हो रहे हैं। उम्र के इस पड़ाव पर भी मुमताज जिस तरह से जिम में पसीना बहा रही हैं, उसे देख अच्छे-अच्छों के पसीने छूट रहे हैं। अब मुमताज अपने एक ऐसे ही वीडियो को लेकर चर्चा में हैं। मुमताज ने हाल ही अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह हेवी वेट एक्सर्साइज करती नजर आ रही हैं। इसे करने में मुमताज को कितनी मशक्कत करनी पड़ रही है, यह उनके चेहरे के एक्सप्रेशन से भी पता चल रहा है। फैन्स मुमताज का ऐसा डेडिकेशन देख तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। वहीं यूजर्स हैरान हो रहे हैं।



### यूजर्स और फैन्स के कमेंट, कर रहे तारीफ

एक यूजर ने मुमताज के इस वर्कआउट वीडियो पर कमेंट किया है, यहां हम बैठे कुछ नहीं कर रहे सिर्फ इंस्टाग्राम रील्स देखकर पैर हिलाते रहते हैं। एक और यूजर ने लिखा है, प्लीज अपना ध्यान रखना। आप कमाल हैं मैम।

### मुमताज का कमबैक, हीरामंडी में आएंगी नजर!

मुमताज ने 1958 में फिल्म सोने की चिड़िया से चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। वह अपने दौर की सबसे महंगी और ज्यादा फीस पाने वाली हीरोइनों में शुमार रहीं। मुमताज ने अपने तीन दशक से भी लंबे करियर में ढेरों फिल्में कीं। लेकिन मुमताज ने 1990 में फिल्म आंधियां के बाद एक्टिंग छोड़ दी थी। पर अब वह कमबैक कर रही हैं। खबर है कि मुमताज डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की सीरीज हीरामंडी में नजर आएंगी।

### हीरामंडी पर यह बोलीं मुमताज

इस बारे में पूछे जाने पर मुमताज ने हमारे सहयोगी ईटाइम्स से कहा, भंसाली ने मुझसे कहा था कि अगर मैं वह रोल नहीं करूंगी तो वह उस रोल में मेरी जगह किसी और को साइन नहीं करेंगे। यह बड़ी बात है कि भंसाली जैसे बड़ी शख्सियत ने मुझे इतना अहम रोल ऑफर किया और अपनी बात पर भी कायम रहे।



## होली पर खूब जमेगी महफिल, मार्च में नेटफ्लिक्स पर रिलीज होंगी ये 54 फिल्में और वेब सीरीज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओटीटी के दीवानों के लिए गुडन्यूज है। मार्च में सिर्फ होली ही नहीं बल्कि आपके लिए कंटेंट की भी होली है। जी हां, इस महीने ताबड़तोड़ फिल्में और वेब सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है। सिर्फ नेटफ्लिक्स पर एक दो या दस बीस नहीं बल्कि पूरे 54 फिल्में व सीरीज मार्च में रिलीज होने जा रहे हैं। इस लिस्ट में राणा नाडायू, मर्डर मिस्ट्री 2, नेक्स्ट इन फैशन 2 से लेकर अनसीन और बिग मैक जैसे बड़े प्रोजेक्ट शामिल है। हिंदी ऑडियंस के लिए भी काफी कंटेंट है। इसमें से सबसे ज्यादा इंतजार फैंस को राणा दग्गुबाती, सुरवीन चावला, दग्गुबाती वंकेटेश और सुचित्रा पिल्लाई की सीरीज है जो कि 10 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। आइए बताते हैं पूरी लिस्ट कब और कैसे आप घर बैठे रोचक और दिलचस्प कंटेंट नेटफ्लिक्स पर मार्च 2023 में देख सकते हैं।

# कार्तिक ने बताया, धोनी के कारण वह सभी प्रारुपों से बाहर हुए

**मुम्बई (ईएमएस)।** भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को महेन्द्र सिंह धोनी के शानदार प्रदर्शन के कारण अपने करियर में खेलने के ज्यादा अवसर नहीं मिले। धोनी ने हर प्रारुप में अपनी जगह बनायी जबकि कार्तिक उनसे कुछ समय पहले टीम में आये थे। अ कार्तिक ने आरसीबी पोडकास्ट में पूर्व कप्तान धोनी के दौर को याद किया और बताया कि कैसे उन्होंने क्रिकेट के सभी प्रारुपों में उनकी जगह हासिल कर ली। कार्तिक ने आरसीबी पोडकास्ट में कहा, मैंने उनसे पहले डेब्यू किया था। मैं और धोनी भारत ए दौरे पर साथ गए थे और वहां से मुझे पहले भारतीय टीम के लिए चुना गया था जबकि धोनी अभी भी भारत ए टीम में थे। यह पहली बार था, जब मैंने धोनी के साथ चार दिवसीय मैच खेला था। तब मैंने अच्छा प्रदर्शन किया कि और चयनकर्ताओं ने मुझे भारतीय टीम के लिए चुना। वहीं धोनी को दूसरे दौरे पर मौका मिला, वह एकदिवसीय टूर्नामेंट था जहाँ धोनी ने अपने खेल से सभी को हैरान कर दिया। वहीं प्रशंसक धोनी के लिए खड़े हो गए और कहा कि उनके जैसा कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि धोनी एक विशेष खिलाड़ी है। जाहिर तौर पर मैं भी उसी समय भारतीय टीम में आया था पर धोनी का जुनूना इतना बढ़ गया था कि टीम को उन्हें चुनना पड़ा और फिर इसके बाद धोनी ने सभी



प्रारुपों में धमाका कर मुझे पूरी तरह से बाहर कर दिया। अंत में यह अवसरों के बारे में है। आपको अवसरों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार रहना होगा। कार्तिक ने कहा, मैं क्रिकेट में महारत हासिल करना चाहता था। मैं दुनिया का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर बनने की राह पर था। धोनी पहले ही वहां थे। वह अपने लिए बहुत अच्छा कर रहे थे। मुझे पता था कि उन्होंने सभी फॉर्मेट में जगह बना ली थी। धोनी ने शुरुआत में कोई गलती नहीं की थी। उन्होंने एकदिवसीय में शतक बनाया। इसके बाद टेस्ट क्रिकेट में गए और 85 रन बनाए। उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि धोनी रातों-रात ब्रांड बन गए, लोग उनके पीछे थे और धोनी शुरू से ही बेहद लोकप्रिय खिलाड़ी थे। मैं हमेशा से ही समझदार था, लेकिन मैं हमेशा मौकों की तलाश में रहता था, कुछ खास करने की कोशिश करता रहता था।

## ऋषभ 2023 विश्वकप तक शायद ही वापसी कर पाये- गांगुली

**मुम्बई (ईएमएस)।** भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत कब वापसी करेंगे यह अभी भी पता नहीं चला है। कार हादसे के बाद से ही वह अभी ठीक होने की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। माना जा रहा है कि उन्हें पूरी तरह से फिट होने में छह माह लगेंगे। इसी कारण वह आईपीएल से भी बाहर हो गये हैं। ऋषभ आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली ने कहा है कि इस क्रिकेटर का एकदिवसीय विश्व कप 2023 में खेलना संदिग्ध है। गांगुली का कहना है कि हमें अभी भी इसका पता लगाने के लिए थोड़ा समय चाहिए। अगला शिविर आईपीएल से पहले शुरू होगा। उन्होंने कहा, आईपीएल अभी एक महीने दूर है और सीजन अभी शुरू हुआ है। सभी खिलाडियों को एक साथ लाना मुश्किल है। चार या पांच क्रिकेटर हैं जो ईरानी ट्रॉफी खेल रहे हैं। सरफराज की उंगली में चोट लगी है और यह चोटिल है। वह आईपीएल के लिए ठीक होना चाहिए। कैपिटल्स ने अभी तक ऋषभ के विकल्प का नाक घोषित नहीं किया है। इसपर गांगुली ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स के पास युवा विकेटकीपर अभिषेक पोरेल और अनुभवी शेल्डन जैक्सन जैसे खिलाड़ी हैं। वहीं, ऋषभ को लेकर कहा कि की मैंने उनसे कई बार बात की है। वह चोटों और सर्जरी के माध्यम से कठिन दौर से गुजर रहे हैं और मैं उनके अच्छे होने की कामना करता हूं।

# मेसी और पुटेलस फीफा पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये

**पेरिस, एजेंसी।** विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी ने किलियन एम्बाप्पे और करीम बेंजेमा को पछाड़ कर फीफा (फुटबॉल संघों का अंतरराष्ट्रीय महासंघ) सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी (2022) का पुरस्कार अपने नाम किया। महिला वर्ग में स्पेन की अलेक्सिया पुटेलस ने लगातार दूसरे वर्ष सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। कतर में एम्बाप्पे की टीम फ्रांस के खिलाफ रोमांचक फाइनल में अर्जेंटीना को विश्व कप का खिताब दिलाने वाले मेसी ने सोमवार रात को आयोजित कार्यक्रम में पिछले 14 साल में सातवीं बार फीफा पुरस्कार हासिल किया। उन्होंने अपने रिकॉर्ड पांचवें प्रयास में विश्व कप का खिताब जीता था। फीफा के 211 सदस्य देशों के कोच और कप्तान के साथ चुने पत्रकारों और प्रशंसकों की समिति ने इन तीन खिलाड़ियों की अंतिम सूची को चुना था। फीफा पुरस्कार के मतदान में मेसी को 52 अंक, विश्व कप के गोल्डन बॉल विजेता एम्बाप्पे को 44 और बेंजेमा को 34 अंक मिले। पिछले दो साल में फीफा पुरस्कार जीतने वाले रॉबर्ट लेवांडोव्स्की और दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो को इस साल के पुरस्कार के लिए 14 खिलाड़ियों की शुरुआती सूची में जगह नहीं मिली थी। मेसी ने इसके साथ ही 16वीं बार पुरुषों की सर्वश्रेष्ठ एकादश में जगह बनाकर रोनाल्डो के साथ साझा किए गए रिकॉर्ड को तोड़ा दिया। इस टीम में बेल्जियम के थिबाउट कोर्टोइस, मोरक्को के अशरफ हकीमी, पुर्तगाल के जोआओ कैंसेलो, नीदरलैंड के वर्जिल वैन डिज्क, बेल्जियम के केविन डी ब्रुइन, क्रोएशिया के लुका मोड्रिच, ब्राजील के कासेमीरो, नॉर्वे के एर्लिंग हालांड और फ्रांस के एम्बाप्पे तथा बेंजेमा शामिल है। पुटेलस ने अमेरिका की एलेक्स मॉर्गन और इंग्लैंड की बेथ मीड को पछाड़कर यह पुरस्कार जीता।



## शिवराज के 1000 या कमलनाथ के 1500, किस तरफ जाएगी महिलाएं

# लाड़ली बहना के बहाने आधी आबादी साधने की कोशिश

**जबलपुर, यशभारत। मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने अपना अंतिम बजट पेश कर दिया है। बजट में लोगों को लुभाने के लिए कई सारी घोषणाएं की गई है। जिसमें सबसे प्रमुख लाड़ली बहना योजना है इसके माध्यम से शिवराज सरकार ने प्रदेश की आधी आबादी को साधने की कोशिश की है। हालांकि विपक्ष ने भी महिलाओं को साधने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। पूर्व सीएम और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि उनकी सरकार आई तो 1500 रूपए महिलाओं को दिए जाएंगे। भाजपा-कांग्रेस दोनों ने चुनाव के पहले घोषणाएं कर अपनी मंशा जाहिर कर दी है कि वह महिला मतदाताओं पर उनका ज्यादा फोकस है। ये तो वक्त बताएगा कि महिलाएं किसके लुभावने वादे में आकर अपना मत किसको देगी।**



### 33 फीसदी हिस्सा महिलाओं पर खर्च करने का प्रावधान

शिवराज सरकार ने बजट में आधी आबादी को साधने की कोशिश की है, यानी फोकस महिलाओं पर रहा। खास बात ये है कि कुल बजट का करीब 33 फीसदी हिस्सा महिलाओं पर खर्च करने का प्रावधान किया गया है। साफ है सरकार की नजर प्रदेश के 48 फीसदी वोटर्स पर है। क्योंकि 2013 के चुनाव की तुलना में 2018 के चुनाव में करीब 20 लाख से अधिक महिलाओं ने वोट किया था, इसका सीधा असर 52 सीटों पर पड़ा था।

### कमलनाथ ने शिवराज के मास्टर स्ट्रोक का दिया जवाब

यही वजह है कि बजट में लाडली बहना योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 1 हजार रुपए देने की बात हो या 12वीं में फर्स्ट डिवीजन पास होने पर ई-स्कूटी देने की घोषणा। सरकार इन प्रावधानों के जरिए वोटों को पुख्ता करते नजर आई। सरकार ने ये दांव चला, तो भला विपक्ष कैसे पीछे रह सकता था।

शिवराज के इस मास्टर स्ट्रोक के जवाब में कमलनाथ ने एक कदम आगे बढ़ते हुए ऐलान कर दिया कि कांग्रेस की सरकार बनने पर प्रदेश की महिलाओं को हर महीने डेढ़ हजार रुपए दिए जाएंगे।



### इतने कम समय पर कैसे अमल हो पाएगी योजनाएं

जानकार कहते हैं कि शिवराज सरकार के चौथे कार्यकाल का अंतिम बजट वोटर्स को साधने के लिहाज से तैयार किया गया है। महिलाओं पर ज्यादा फोकस है। बजट में साफ दिखता है कि सरकार ने चुनाव को देखते हुए प्रदेश की आधी आबादी को साधने की कोशिश की है, लेकिन चुनाव में जितना समय बचा है, उसमें इन योजनाओं को अमल में लाना मुश्किल है। इसी तरह बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के लिए 1 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। यह लोकलुभावन लगता है, क्योंकि यह राशि प्राइवेट जॉब के लिए अप्रेंडिस में खर्च होगी। किसी ट्रेड या व्यवसाय में प्रशिक्षण को अप्रेन्टिस कहा जाता है।

जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर अध्यक्ष कांग्रेस

### सभी का ध्यान रखा गया है



पहले मुख्यमंत्री है जिन्होंने महिलाओं का ध्यान रखा। 5 तारीख को लाड़ली बहना योजना की शुरूआत हो रही है। मप्र सरकार ने बजट में सभी का ध्यान रखा है मध्यप्रदेश के सवर्गीण विकास वाला बजट है। इसमें जबलपुर का विकास भी होगा।

सुमित्रा बाल्मीक, राज्यसभा सांसद भाजपा

### बजट में जबलपुर को कुछ नहीं मिला



मध्यप्रदेश सरकार का बजट केवल दिखावा है, जबलपुर विकास के लिए बजट में कुछ भी नहीं है। जनता को बेबकूफ बनाने वाला बजट है, जबलपुर विकास के लिए कांग्रेस की सरकार ने जो घोषणाएं की थी उसे सरकार ने पूरा नहीं किया है।

जगतबहादुर सिंह अन्नू, महापौर

# जिला शिक्षा अधिकारी का आदेश परीक्षा केंद्रों में लगेगी घड़ियां

## विद्यार्थियों की परेशानी को देखते हुए लिया निर्णय

**जबलपुर यशभारत।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं एक मार्च से शुरू हो गई है। परीक्षा को लेकर इस बार कड़े नियम बनाए गए हैं, परीक्षा में घड़ी पहनकर आने वाले छात्रों से घड़ियां उतरवाई जा रही है। इसको लेकर राज्य शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी ने आपत्ति दर्ज कराई थी। श्री त्रिपाठी का कहना था कि घड़ियों पर प्रतिबंध है तो विभाग को परीक्षा केंद्रों में दीवार घड़ियां लगवाना चाहिए। राज्य शिक्षक संघ की मांग पर जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने तत्काल निर्णय लेते हुए केंद्राध्यक्षों से कहा कि जिन परीक्षा हाल में घड़ियां नहीं है वहां तत्काल दीवार घड़ियां लगवाई जाए। राज्य शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा में नकल रोकने के जितने भी प्रयास शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे हैं वे प्रसंशनीय है पर छात्रों को परीक्षा कक्ष में घड़ी पहनकर जाने से रोकना समझ से परे है। राज्य शिक्षक संघ जबलपुर ने विभाग से मांग की कि परीक्षा में समय का बड़ा महत्व है और घड़ी के साथ होने से छात्रों को प्रश्न को समय से हल करने में सहायता मिलती है। नरेन्द्र त्रिपाठी कहा कि परीक्षा के दौरान छात्रों को समय का बहुत ध्यान देना पड़ता है। छात्र प्रत्येक प्रश्न को कितने समय मे करना है यह तक तय करके परीक्षा में जाते है पर परीक्षा कक्ष में घड़ी न होने से उनमें तनाव बढ़ जाता है।जिलाध्यक्ष त्रिपाठी ने कहा कि अनेक परीक्षा केंद्रों में घड़ी पहने छात्रों से घड़ियाँ बाहर उतारने को कहा जा रहा है और परीक्षा कक्षों में भी घड़ी नही लगी है।माध्यमिक शिक्षा मंडल और जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की गई है कि छात्रों को सामान्य घड़ी पहनकर परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जावे या फिर प्रत्येक कक्ष में दीवाल घड़ी लगाई जावे।



**राज्य शिक्षक संघ ने उठाई थी मांग, जिला शिक्षा अधिकारी को दिया धन्यवाद**

## ऐसी संतान न देना किसी को

# मेडिकल में मां को तड़पता छोड़ भागी बेटी मरने के पहले मां का वीडियो वायरल





**जबलपुर, यशभारत।** जिस मां ने 9 माह तक जिस बेटी को कोख में पाला वहीं बेटी उसे मेडिकल में तड़पता छोड़ आई। दोनों लीवर खराब होने के कारण मेडिकल के डॉक्टरों ने बेटी से महिला को घर ले जाने की सलाह देकर सेवा करने को कहा। लेकिन बेटी अपनी मां को छोड़कर भाग आई। बेटी की इस हरकत के बाद मुंह बोले भाई मेडिकल अस्पताल पहुंचे और उसे मरने के लिए राइट टाऊन के दुर्गा मंदिर पास छोड़कर चले गए। महिला की सुबह मौत हो गई। मरने के पहले महिला का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह कह रही है कि उसके दोनों लीवर खराब हो चुकें है बेटी ने मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया था जहां डॉक्टरों ने घर ले जाकर सेवा करने को बेटी से कहा तो वह छोड़कर भाग गई। बेटी का कहना था कि वह सेवा करेगी तो खाएगी क्या?।

**बेटी कहती है सेवा करूंगी तो खाऊंगी क्या?**

गरीब नवाज कमेटी के इनायत अली ने बताया कि आज सूचना मिली कि छोटी खेरमांई राइट टाऊन स्थित दुर्गा मंदिर के पास एक महिला की लाश पड़ी हुई है। मौके पर जाकर देखा और पता किया तो 37 साल की महिला जिसका नाम शीलू सिंह ठाकुर है। कुछ दिन पूर्व बेटी खुशी ठाकुर ने उसे इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया था जहां डॉक्टरों ने महिला की स्थिति गंभीर होने के कारण घर ले जाकर सेवा करने को कहा लेकिन बेटी ने खुद अकेली घर चली आई।

### महिला की मौत के बाद फिर पहुंची बेटी

इनायत अली, मोहम्मद खलील, यूसूफ माल गुजार रियाज अली, बाबू खान, बच्चू नानकानी ने बताया कि महिला की मौत होने पर दुर्गा मंदिर पहुंचे तो वहां बेटी पहले से मौजूद थी। उससे पूछा गया कि वह मां को अकेला मेडिकल में क्यों छोड़ आई थी उसने कोई जवाब नहीं दिया। बेटी द्वारा महिला के अंतिम संस्कार करने की बात कही गई लेकिन मुंह बोले भाई द्वारा कमेटी के सदस्यों द्वारा अंतिम संस्कार कराया गया।

### बेटी के जवाब सुन मां के निकल आए आंसू

बताया जा रहा है कि बेटी जब उसे मेडिकल अस्पताल में मरने के लिए अकेला छोड़ आई तो उसके आंसू निकल आए। मृतक महिला एक वीडियो में कहती नजर आ रही है कि भगवान ऐसी संतान किसी को न देना। जिस संतान को पालकर इतना बड़ा किया आज उसी ने मरने के लिए अकेला छोड़ दिया।

### मंदिर के पास लेटकर मौत का इंतजार कर रही थी महिला

बेटी के सौतेलेपन से परेशान और डॉक्टरों की मनाही के बाद महिला कुछ दिनों से राइट टाऊन



स्थित दुर्गामंदिर के बाहर लेट कर मौत का इंतजार कर रही थी। राह से निकलने वाले लोगों से और भगवान से मौत देने की गुहार लगाने वाली की आज सुबह मौत हो गई।

# आज से 15 दिन तक डुमना से उड़ान नहीं भर पाएंगे स्पाइस जेट के विमान

## होली के पहले हवाई यात्रियों को झटका, दिल्ली, मुंबई पुणे और हैदराबाद के लिए नियमित उड़ाने नहीं मिल पाएंगी

**जबलपुर, यशभारत।** होली के पहले हवाई यात्रियों को एक बड़ा झटका लगा है। दरअसल स्पाइसजेट एयरलाइंस के विमान सेवाएं आज से 17 मार्च तक के लिए बंद कर दिए गई है। यात्रियों को अब 15 दिन मतलब 17 मार्च तक शहर के डुमना एयरपोर्ट से दिल्ली, मुंबई पुणे और हैदराबाद के लिए नियमित उड़ाने नहीं मिल पाएंगी। हालांकि जबलपुर से इंडिगो और एयरलाइंस की विमान सेवाएं चालू रहेंगी। वहीं दूसरी तरफ कंपनी ने अभी तक यह भी स्पष्ट नहीं किया है कि 17 मार्च के बाद हवाई सेवाएं बहाल होगी या नहीं।

जानकारी के मुताबिक उड़ान नहीं भरने की वजह विमान उपलब्ध नहीं होना बताया गया हैं। डुमना एयरपोर्ट की डायरेक्टर कुसुम दास के मुताबिक



स्पाइसजेट एयरलाइंस ने अपनी विमान सेवाओं को आज से 17 मार्च तक करीब 15 दिन के लिए रद्द किया है। यह सेवाएं क्यों बंद की गई है। इसका कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है। संभवत विमानों की कमी की वजह से कंपनी प्रबंधन ने यह निर्णय लिया है।

### टिकिट ले चुके यात्री भड़के

बुधवार को डुमना एयरपोर्ट पहुंचे यात्रियों को जब स्पाइस जेट विमान के उड़ान नहीं भरने की खबर लगी। तब यात्री भड़क गए। उन्होंने ग्राहक सेवा केंद्र से संपर्क किया। इस दौरान उन्हें दिलासा दिया गया।

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरूनी चोट, मोच-सूजन, माँसपेशियों में खिंचाव-लचकना, पिंडलियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक...
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत लाभदायक
चिपचिपाहट रहित
मामजेसिक तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध
व्यावसायिक पूछताछ 9826035091

SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
मेडिकल इमरजेंसी में आपके साथ !!
95758 01020
शैल्बी हॉस्पिटल, जबलपुर, अहिंसा चौक, विजयनगर, जबलपुर

निःशुल्क - निःशुल्क - निःशुल्क - परामर्श
।। जय भद्रकाली ।।
भद्रकाली ज्योतिष मन्नत धाम पुरवा
YouTube सर्च -मेरे गुरुदेव,भविष्यफल वास्तु, एस्ट्रो विशेषज्ञ
9300347944, 6262590643
कौन सा वास्तु दोष आपकी परेशानी की वजह है

त्रयोदशी संस्कार 02/03/2023
स्व. श्रीमति कृष्णा मिश्रा
अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि श्रीमति कृष्णा मिश्रा धर्मपत्नी स्व. प्रो.यू.डी. मिश्रा (हितकारिणी सभा) का गोलोक गमन दिनांक 17 फरवरी 2023, शुक्रवार को हो गया है एवं अंत्येष्टी महाशिवरात्री दिनांक 18 फरवरी 2023, शनिवार को संपन्न हुई। ब्रह्मलीन आत्मा की शांति हेतु त्रयोदशी संस्कार आज 2 मार्च 2023 गुरूवार दोपहर 12:00 से आयोजित है।
कार्यस्थल- 459, मिश्र भवन, त्रिमूर्ति कला मंदिर के पास पं. बनारसी दास भनोट वार्ड, गोरखपुर, जबलपुर मो.- 9425150550, 9425387715
शोकाकुल परिवार- डॉ. एम.डी. मिश्रा (देवर), शिवदत्त मिश्रा, सुनील दत्त मिश्रा (पुत्र), सुभेष दत्त मिश्रा (भतीजा) एवं समस्त मिश्रा परिवार।
फर्म- भारतीय आईटीआई जबलपुर • हिन्द आईटीआई सिहोरा

हमारे प्रेरणास्त्रोत पत्रकार अरूण शुक्ला
आशीष कंसल्टेंसी
Email-ajayshukla2680@gmail.com
मो. 9425154156, 9826176903
नामांतरण, डायवर्सन, सीमांकन, बटवारा, वसीयतनामा इत्यादि
पता - आशीष ट्रांसपोर्ट बलदेव बाग जबलपुर

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन,Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर 07614038666, 7049079825 9300920067

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

केला चिप्स | AK's | चना जोर गरम
रोस्टेड फूड जंक्शन ड्राई फूड
रोस्टेड चना | रोस्टेड पी नट | नमकीन | चिक्की | ड्राई फ्रूट
जनता साईकिल के बाजू में, बड़ी ओमती चौक, जबलपुर मो. 7987145201, 9993418910

सांई हॉस्पिटल
इनफर्टिलिटी लेप्रोस्कोपी एवं सांई टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
डॉ. श्रीमति राखी बाजपेयी
MBBS,MS. (OBS & GYM)
टेस्ट ट्यूब बेबी, बांझपन व गायनिक एण्डोस्कापी में उच्च प्रशिक्षित
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन से ना चीरा ना रक्तस्त्राव शीघ्र स्वस्थ जल्टी छुट्टी
Dip advanced Gynaec Endoscopy [France]
इक्सी, टेस्ट ट्यूब सेंटर, दूरबीन द्वारा बांझपन का निदान, बंद ट्यूब व टीटी ऑपरेशन खोलना, दूरबीन द्वारा बच्चादानी(टीएलएच), ओवरी की सिस्ट नली में ठहरे गर्भ व बच्चेदानी के ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, कृत्रिम गर्भाधान IUI IVF ICSI व सुरक्षित गर्भपात।
पथरी, हार्निया, एपेन्डिक्स, पाइल्स, गाल ब्लेडर, बच्चेदानी, स्तन की गठान, बंद ट्यूब गर्भधान इत्यादि सभी आपेरेशन व इलाज की सुविधा
सबसे सस्ता अत्याधुनिक मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा संस्थान
कांचघर चौक, रेलवे स्टेशन रोड जबलपुर-8770186650, 7987619550

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*।
फोन ( 0761 ) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )